धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

www.currentcrime.com

# दैनिक करंट क्राइम

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली। शनिवार 18 अक्टूबर-2025 | वर्ष : 10 अंक : 299 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## लखनऊ यूनिट से रवाना होगी ब्रह्मोस की पहली खेप

# स्वदेशी रक्षा उत्पादन को मिलेगी नई उड़ान



**लखनऊ:** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाली स्वदेशी मिसाइल ब्रह्मोस एक बार फिर बेहद चर्चा में है। ब्रह्मोस की मार झेलने के बाद महज चार दिन में पाकिस्तान ने हाथ खड़े करते हुए सीजफायर की गुहार की थी। स्वदेशी हथियार ब्रह्मोस की एक यूनिट लखनऊ में भी है, जिसकी पहली खेप को शनिवार को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

लखनऊ के ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट, सरोजिनी नगर में तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच का शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फ्लैग ऑफ करेंगे। इसके साथ ही लखनऊ रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचेगा। भारत की रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली लखनऊ की ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट ने नई इंटीग्रेशन एंड टेस्ट सुविधा से मिसाइल सिस्टम की पहली खेप सफलतापूर्वक तैयार कर ली है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस कि अत्याधुनिक यूनिट 11 मई 2025 को उद्घाटन के बाद पूरी तरह संचालन में आई थी। यहां मिसाइल इंटीग्रेशन, टेस्टिंग व अंतिम गुणवत्ता परीक्षण की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां पर सफल परीक्षण के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के लिए तैनाती के लिए मिसाइलें तैयार की जाती हैं।

विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के पहले बैच के फ्लैग ऑफ से पहले रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री बूस्टर भवन का उद्घाटन करेंगे तथा बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी देखेंगे। इसी क्रम में एयरफ्रेम और एवियोनिक्स, वारहेड भवन में पीडीआई (प्री डिस्पैच इंस्पेक्शन) तथा ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रेजेंटेशन किया जाएगा। इसके अलावा वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्टोरेज ट्रॉली प्रदर्शन, जीएसटी बिल प्रस्तुतीकरण और मोबाइल ऑटोनमस लॉन्चर का प्रदर्शन भी इस अवसर पर आयोजित होगा।

कार्यक्रम के दौरान डीजी (ब्रह्मोस) डॉ. जयतीर्थ आर. जोशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चेक और जीएसटी बिल सौंपेंगे, जिससे राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा। ब्रह्मोस मिसाइलों के उत्पादन से उत्तर प्रदेश को निरंतर जीएसटी आय प्राप्त होगी और उच्च कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

लखनऊ ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर की पहली ऐसी सुविधा है, जहां मिसाइल सिस्टम के निर्माण से लेकर अंतिम परीक्षण तक की पूरी प्रक्रिया देश में ही की जाती है।

### डिफेंस कॉरिडोर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना

सरोजिनी नगर के भटगांव में अत्याधुनिक ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। यहां मिसाइलों के असेंबली, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का कार्य उच्च तकनीकी मानकों के अनुरूप किया जाता है। इस यूनिट से पहली खेप के रवाना होने के साथ ही प्रदेश ह्यमेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के अभियान में एक सशक्त साझेदार बन गया है।

## दीपावली पर फायर डिपार्टमेंट अलर्ट

# अवैध पटाखा इकाइयों पर होगी सख्त कार्रवाई





**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** दीपावली पर्व के दौरान आगजनी और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन और अग्निशमन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के आधार पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को सुरक्षा एडवाइजरी का अनुपालन सुनिश्चित कराने के आदेश दिए हैं।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि दीपावली पर केवल लाइसेंस प्राप्त पटाखा निमार्ता और विक्रेता ही संचालन कर सकेंगे। अवैध रूप से चल रही किसी भी इकाई पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि निर्माण इकाइयों में फायर अलार्म सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, रेत और पर्याप्त पानी की व्यवस्था अनिवार्य कर दी गई है।

साथ ही इकाइयों के अंदर धूम्रपान और मोबाइल फोन के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी कर्मचारियों को सुरक्षा प्रशिक्षण देने के साथ सुरक्षा वर्दी पहनना अनिवार्य किया गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि इकाइयों में रासायनिक और ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण निर्धारित मानकों के अनुसार ही किया जाएगा। बिजली के तारों और उपकरणों की नियमित जांच आवश्यक होगी और सभी इकाइयों का औचक निरीक्षण समय-समय पर किया जाएगा। साथ ही, अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षा और बचाव के लिए मॉक ड्रिल कराई जाएगी, और कर्मचारियों से निर्धारित अवधि तक ही कार्य लिया जाएगा। किसी भी आपात स्थिति में फायर सर्विस नंबर 101 या आपातकालीन नंबर 112 पर तुरंत संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल वैध लाइसेंसधारी विक्रेता ही पटाखों की बिक्री कर सकेंगे। दुकानें खुली और हवादार स्थानों पर लगाई जाएंगी, जहाँ पर अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी की बाल्टियाँ हर समय उपलब्ध रहनी चाहिए। दुकानों के आसपास धूम्रपान या खुली आग का प्रयोग पूरी तरह निषिद्ध रहेगा।

पटाखों का भंडारण ज्वलनशील पदार्थों से दूर किया जाएगा और सभी विक्रेताओं को ग्राहकों को पटाखों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। खराब या नमी वाले पटाखों को सुरक्षित ढंग से नष्ट करने की सलाह दी गई है। साथ ही, दुकानों में धूम्रपान निषेध और खुली आग निषेध के बोर्ड प्रदर्शित करना भी अनिवार्य होगा।

राहुल पाल ने कहा कि सभी दुकानदार और निमार्ता किसी दुर्घटना की स्थिति में अपने कर्मचारियों को त्वरित निकासी प्रक्रिया की जानकारी दें और घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों का पर्व है, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है।

इसलिए सभी इकाइयाँ और विक्रेता सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और सावधानी बरतें।

### सुरक्षा पर सख्ती, उल्लंघन पर कार्रवाई

अग्निशमन विभाग ने कहा है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई तय है। प्रशासनिक टीमें निर्माण इकाइयों और बिक्री केंद्रों का लगातार निरीक्षण करेंगी। साथ ही जिले के संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने और निगरानी टीमों को सक्रिय किया गया है।

# गाजियाबाद में डेंगू का कहर: मरीजों की संख्या 221 तक पहुंची



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** त्यौहारी सीजन में जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले पांच दिन में 23 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। अब तक जिले में कुल मरीजों की संख्या 221 तक पहुंच चुकी है, जो पिछले साल के 196 मरीजों के रिकॉर्ड को भी पार कर चुकी है। नए मरीजों में पांच की हालत गंभीर है और उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिला प्रशासन ने घर-घर जाकर डेंगू का लार्वा तलाशने के लिए पांच टीमें गठित की हैं। ये टीमें लोनी, ट्रांस हिंडन, शहर, मोदीनगर और मुरादनगर क्षेत्रों में मलेरिया इंस्पेक्टर के साथ नियमित भ्रमण कर रही हैं।

### 24 घंटे में मिले डेंगू के नए मरीज (क्षेत्रवार)

- खोड़ा : 39 वर्षीय महिला
- लोनी : 17 वर्षीय किशोरी
- प्रताप विहार : 47 वर्षीय पुरुष
- कैलाभट्टा : 10 वर्षीय बच्चा
- विजयनगर : 31 वर्षीय महिला
- वसुंधरा : 27 वर्षीय युवक



### रैपिड किट से हो रही हैं जांच

**करंट क्राइम :** डेंगू की जांच रैपिड किट से की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की सलाह है कि लोग नियमित साफ-सफाई रखें, पानी कहीं जमा न होने दें, कूलर, एसी और गमलों की रोज सफाई करें और रात में मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। त्योहारी सीजन में डेंगू ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। रोजाना मरीजों की संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता और सावधानी बेहद जरूरी हो गई है।

### डेंगू प्रभावित इन क्षेत्रों में बुखार के मरीजों की रैपिड टेस्टिंग शुरू

करंट क्राइम : बुलंदशहर रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, डासना, बुद्धविहार, लोनी, मोदीनगर, मुरादनगर, दौलतपुरा, दीनदयालपुरी, घूकना, हरसांव, राजनगर, हिंडन विहार, कड़कड़ माडल, कैला भट्टा, करहैडा, कार्टे शास्त्रीनगर, खोड़ा कालोनी, खोड़ा गांव, कोट गांव, न्यू शालीमार गार्डन, महाराजपुर प्रथम में इंदिरापुरम, मकनपुर, मिजार्पुर, अर्थला मोहननगर, नेहरू गार्डन, न्यू डिफेंस कालोनी, वसुंधरा, राजबाग, सद्दीकनगर, साधना एन्क्लेव, साहिबाबाद, सरस्वती कालोनी, शालीमार गार्डन, शिप्रा सन सिटी, विजयनगर द्वितीय एवं प्रथम, बृजविहार, घूकना मोड सहित शहर के अन्य इलाकों में स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया यूनिट की टीमें जांच कर डेंगू रोकथाम के लिए प्रयास कर रही हैं।

# दीपावली के बाद फिर फटेगा हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध वाला बम!

## पार्षदों के साथ मिलकर 'कोरवा' खोलेगी मोर्चा और पूछेगी सवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी का मुददा अब धीरे धीरे मुखर रूप ले रहा है। पार्षद पहले हीमोर्चा खोल चुके हैं, वो निगम में धरने पर बैठ चुके हैं और बस में सवार होकर लखनऊ जा चुके हैं। व्यापार मंडलों ने अपना विरोध दर्ज कराया है और आरडब्ल्यूए भी आगे आयी है। निगम की बैठक में सदन के भीतर हाउस टैक्स बढाये जाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से निरस्त हो चुका है। पार्षदों ने मोर्चा खोला है और अब खबर ये है कि दीपावली के बाद फिर से विरोध वाला बम फटेगा। पार्षदों ने ग्रुप तैयार कर लिया है और कोरवा ने बैठक की और प्रैस कॉन्फ्रैन्स करते हुए 24 अक्टूबर को नगर निगम पर धरना देने का एलान किया।

कोरवा के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन से पहले गाजियाबाद नगर निगम को चेतावनी दी। कोरवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा कोरवा उत्तर प्रदेश के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजियाबाद नगर निगम के वकीलों द्वारा पहली दो सुनवाई में नदारद रहना और फिर अदालत की अगली सुनवाई में हलफनामा दाखिल करने के नाम पर केवल तारीख पर तारीख उनकी गलत मंशा को उजागर करता है। जिसके कारण कोर्ट द्वारा 20 अक्टूबर को सुनवाई करने की तारीख दी गयी है। कोरवा ने तीन प्रमुख सवाल उठाये और पूछा है कि नगर निगम के वकील पहली सुनवाईयों में हाजिर क्यों नहीं हुए थे। क्या नगर निगम गाजियाबाद जान बूझकर मामले को लम्बा खींच रहा है ताकि 20 प्रतिशत छूट और डर में आकर आम नागरिक ग्रह कर जमा कर दें। नागरिकों के घावों पर नमक जब लगा तब नगरायुक्त ने कुछ अखबार वालों को ये बता किया कि सुनवाई को आगे बढाने का समय याचिकाओं के वकीलों ने मांगा था। नगर निगम के वकीलों ने नहीं। कोरवा का ये दावा है कि ये बात झूठी है और ये अधिकारियों का अडियल रवैया है।

### पार्षदों ने कर लिया फॉर टाईमस हाउस टैक्स गाजियाबाद नगर निगम का निर्माण

हाउस टैक्स का विरोध वाला जिन एक बार फिर बोतल से बाहर आने को तैयार है। पार्षदोंके साथ अब आरडब्ल्यूए भी आ गयी हैं और दोनों ने मिलकर फॉर टाईमस हाउस टैक्स गाजियाबाद नगर निगम ग्रुप का निर्माण कर लिया है। इस ग्रुप में फिलहाल 147 सदस्य हैं जिनमें पार्षद भी हैं और आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी भी हैं। फॉर टाईमस ग्रुप में भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी, भाजपा पार्षद अमित त्यागी, भाजपा पार्षद देवनारायण शर्मा, भाजपा पार्षद पूनम सिंह, भाजपा पार्षद नीरज गोयल, नगर निगम के पूर्व सीनियर पार्षद राजेन्द्र त्यागी शामिल हैं। इसके अलावा पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद राधेश्याम त्यागी, पूर्व पार्षद मनोज गोयल, संतोष राणा, कन्हैय्या के नाम भी प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# जनरल वीके सिंह के दीपावली मिलन के संदेश हैं कुछ खास

## 2027 के चुनावी रण में दिखाई देंगे इस मिलन की मिठास के अहसास





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कई बार सियासत वाली कर्मभूमि बदलती है लेकिन जो संबंध एक बार बन जाते हैं वो कायम रहते हैं। राजनाथ सिंह गाजियाबाद से एक बार लोकसभा सांसद रहे हैं और आज तक उनका और उनके परिवार का गाजियाबाद से आत्मीय रिश्ता है। गाजियाबाद के भाजपाई राजनाथ सिंह को आदर से माननीय जी बुलाते हैं और नीरज सिंह युवा भाजपाईयों के नीरज भईया हैं। अब समय की बात करें तो जनरल वीके सिंह तो गाजियाबाद से दो बार लोकसभा सांसद रहे हैं। गाजियाबाद में उनका आवास भी है और ये आवास पुख्ता रूप से उन्ही का है।

जनरल वीके सिंह अब भले ही मिजोरम के राज्यपाल हैं लेकिन उनका गाजियाबाद से अपना एक लगाव है। बीते दिनों जनरल वीके सिंह गाजियाबाद आये थे तो उनके आवास पर भाजपाईयों की रौनक दिखाई दी थी।

भाजपा के कई चेहरे यहां पहुंचे थे और सबसे खास बात ये रही कि जब मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह गाजियाबाद में अपने आवास पर आये तो गाजियाबाद के कई प्रशासन और पुलिस के अधिकारी यहां दिखाई दिये। बताया तो यहां तक जाता है कि इन अधिकारियों के साथ जनरल वीके सिंह ने बैठक की और इन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अंदाजा लगाने वाले अंदाजा लगा सकते हैं कि क्या दिशा निर्देश दिये होंगे। अधिकारी अगर मिजोरम के महामहिम के बंगले पर गये हैं जो जाहिर है कि कुछ तो बात है।

जनरल वीके सिंह दशहरे के बार आये और अब वो दिपावली पर आ रहे हैं। जनरल वीके सिंह की आमद के संदेश तलाशे जा रहे हैं। आखिर वो मिजोरम से गाजियाबाद आ रहे हैं और दीपावली मिलन समारोह करेंगे।

ऐसे में वो चहेरे अपनी उम्मीदों को कायम रख सकते हैं जिन्हें अभी तक उम्मीदवार बनने का मौका नहीं मिला है।




जनरल वीके सिंह की ये दीपावली वाली दस्तक कुछ तो संदेश दे रही है क्योंकि जब वो दशहरे के बाद आये थे तो रौनक दिखाई दी थी। ऐसे में अब दीपावली पर आ रहे हैं तो सियासी गुणा भाग लगाये जा रहे हैं। कहने वाले ये ही कह रहे हैं कि जनरल वीके सिंह अगर मिजोरम से आकर गाजियाबाद में अपने राजनगर वाले बंगले पर दीये जला रहे हैं तो इन दियों में कई चेहरों की पॉलिटिकल उम्मीदें रोशन होंगी।

सूत्र तो ये मानकर चल रहे हैं कि एक या दो विधानसभा सीटों पर इस दीवाली वाली विजिट के इफैक्ट दिखाई देंगै।

### 21 अक्टूबर को मिलेंगे 10:30 बजेसे दोपहर 2 बजे तक

जनरल वीके सिंह आ रहे हैं तो सब कुछ जनरली नहीं है। कुछ तो स्पेशल है और वो ये भी है कि उन्होंने यहां रक्षाबंधन और दीपावली मिलन की एक परम्परा शुरू की। उस परम्परा के पालन में आ रहे हैं। ये जनरल वीके सिंह का अंदाज है कि वो समय के पाबंद हैं। सभी को टाईम शैडयूल जरूर एडवांस में बताते हैं। जनरल वीके सिंह 21 अक्टूबर को सुबह साढे दस बजे से दोपहर दो बजे तक राजनगर के सैक्टर 2 के भवन संख्या 27 यानी अपने आवास पर सभी से मुलाकात करेंगे। दीपावली की शुभकामनायें देंगे।

# स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने भरी पहली उड़ान

## राजनाथ सिंह बोले- मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया





**नासिक।** नासिक स्थित एचएएल की एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग डिविजन में हर साल आठ लड़ाकू विमानों का निर्माण करने की क्षमता है। इसके अलावा बंगलूरू में तेजस की दो प्रोडक्शन लाइन स्थित हैं, जहां हर साल 16 लड़ाकू विमान बनाए जा रहे हैं। भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने आज अपनी पहली उड़ान भरी।

भारत में लड़ाकू विमान निर्माण की दिशा में यह अहम पल है। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। राजनाथ सिंह आज एलसीए एमके1ए की तीसरी प्रोडक्शन लाइन और साथ ही एचटीटी-40 एयरक्राफ्ट की दूसरी प्रोडक्शन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। 'घरेलू विनिर्माण 100 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य'

राजनाथ सिंह ने कहा, 'एक समय था जब देश अपनी रक्षा जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था और लगभग 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे लेकिन आज, यह स्थिति बदल गई है; अब भारत 65 प्रतिशत विनिर्माण अपनी धरती पर कर रहा है। बहुत जल्द, हम अपने घरेलू विनिर्माण को भी 100 प्रतिशत तक ले जाएंगे।' राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का

### राजनाथ सिंह बोले- ये उड़ान, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'आज, एचएएल की तीसरी उत्पादन लाइन का उद्घाटन हो रहा है, जो एलसीए एमके1ए तेजस बनाती है, और एचटीटी 40 विमान की दूसरी उत्पादन लाइन है। मैं एचएएल में सभी को बधाई देता हूं। नासिक एक ऐतिहासिक भूमि है जहां भगवान शिव त्र्यंबक के रूप में निवास करते हैं। नासिक आस्था, भक्ति, आत्मनिर्भरता और क्षमता का प्रतीक बन गया है। यहां एचएएल देश की रक्षा ताकत का प्रतिनिधित्व करता है। जब मैंने आज सुखोई र४-30, एलसीए तेजस और HTT-40 को उड़ान भरते देखा, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। ये उड़ान, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल है। एचएएल ने भारत के लिए एक मजबूत स्तंभ के रूप में काम किया है। 60 से अधिक वर्षों से, एचएएल नासिक ने भारत की रक्षा निर्माण क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है दूसरी ओर, यह विनाश का भी प्रतिनिधित्व करता है और इसमें शत्रुओं को समाप्त करने की शक्ति होती है।'

रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 25 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो कुछ साल पहले एक हजार करोड़ रुपये से भी कम था।

रक्षा मंत्री ने कहा कि 'हमने अब 2029 तक घरेलू रक्षा विनिर्माण में तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात में 50 हजार करोड़ रुपये हासिल करने का लक्ष्य रखा है।' उन्नत, बहुउद्देश्यीय है यह स्वदेशी 4.5-पीढ़ी का विमान है, जो सभी मौसमों में काम करने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। ये लड़ाकू विमान उच्च-खतरे वाले हवाई वातावरण में तैनाती के लिए डिजाइन किए गए हैं। तेजस ट'-1अ में तेजस ट'-1 संस्करण की तुलना में कई उन्नत सुविधाएं हैं, जिनमें इस्राइली एछ/ट-2025 अएरअ रडार, जैमर युक्त उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट और बियॉन्ड विजुअल रेंज क्षमताएं शामिल हैं।

### अगले चार साल में वायुसेना को 83 लड़ाकू विमान देने का लक्ष्य

तेजस एमके1ए को वायुसेना में शामिल करने की तारीखों का एलान नहीं हुआ है, लेकिन एचएएल का कहना है कि आने वाले चार वर्षों में भारतीय वायुसेना को 83 तेजस मार्क1ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जाएगी। अमेरिकी इंजन की आपूर्ति में देरी की वजह से पहले ही देरी हो रही है। नासिक स्थित एचएएल की एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग डिविजन में हर साल आठ लड़ाकू विमानों का निर्माण करने की क्षमता है। इसके अलावा बंगलूरू में तेजस की दो प्रोडक्शन लाइन स्थित हैं, जहां हर साल 16 लड़ाकू विमान बनाए जा रहे हैं। इस तरह नासिक की प्रोडक्शन लाइन शुरू होने के बाद हर साल 24 लड़ाकू विमानों का निर्माण होगा।

---

## एनडीए में सीएम फेस पर अब भी सवाल, गृह अमित शाह बोले

# चुनाव के बाद गठबंधन मिलकर तय करेगा

**पटना।** गृह मंत्री अमित शाह के सीएम फेस को लेकर दिए गए बयान पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा है कि अब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। यह अमित शाह ने क्लियर कर दिया है। इधर, जीतन राम मांझी ने भी इस बात पर बयान दिया है।

बिहार विधानसभा चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? यह अब तक तय नहीं हुआ है। गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद यह बात साफ हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह से एक चैनल पर दिए गए इंटरव्यू में जब सवाल किया गया कि अगर बिहार चुनाव में एनडीए जीतता है तो क्या आप नीतीश कुमार बनाएंगे? तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं भला कौन होता हूं किसी को मुख्यमंत्री बनाने वाला। इतनी सारी पार्टियों का गठबंधन है।

बिहार चुनाव के बाद जब सभी दल एकजुट होंगे विधायक दल के नेता बैठेंगे तो अपना नेता तय कर लेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है नीतीश कुमार पर न सिर्फ भाजपा बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री कौन होगा? इसका फैसला विधायक दल के नेता आपस में बैठकर तय कर लेंगे।

सीएम नीतीश कुमार ही चेहरा हैं बता दें कि शुक्रवार सुबह गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम नीतीश कुमार से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की थी। इसके बाद जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष ने इस मुलाकात के बारे में कहा कि बिहार चुनाव में आगे की कैंपेनिंग रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। अब समय कम है, इसलिए कई मुद्दों पर बातचीत हुई। एनडीए में कोई गड़बड़ी नहीं है। सबकुछ ठीक है। हमलोग एकजुट हैं। सीएम नीतीश कुमार ही चेहरा हैं।



### जीतन राम मांझी बोले- चुनाव से पहले तय हो जाना चाहिए था

इधर गृह मंत्री अमित शाह के इस बयान के बाद सियासत गरमा गई कांग्रेस ने अमित शाह के इस बयान को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया और लिखा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। अमित शाह ने क्लियर कर दिया। वहीं एनडीए गठबंधन के घटक दल के प्रमुख केंद्रीय मंत्री जीतन मांझी ने कहा कि अमित शाह एनडीए के प्रमुख नेताओं में आते हैं। उन्होंने कहा है कि उस बात को आधिकारिक ही माना जाएगा। लेकिन, मुझे लगता है कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का नाम तय हो जाना चाहिए था। ऐसे में कोई दुविधा नहीं रहती। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी के सवाल पर जीतन राम मांझी ने कहा कि हाल में ही सीएम नीतीश ने नाराजगी जताई थी। लेकिन, अब सब ठीक हो चुका है। गठबंधन में सब कुछ ठीक हो चुका है।

---

# छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहेगा कोई भी छात्र

## सीएम योगी बोले-हर एक बच्चे में समाज को बदलने की क्षमता





**लखनऊ।** सीएम योगी ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का उल्लेख करते हुए कहा, बाबा साहब ने कहा था कि पढ़-लिखकर ही हम स्वावलंबी बन सकते हैं और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने छात्र-छात्राओं को बड़ी सौगात दी। दशमोत्तर व पूर्वदशम छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत एक साथ 10 लाख 28 हजार 205 विद्यार्थियों को 300 करोड़ की छात्रवृत्ति राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में प्रेषित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, इससे पहले भी विजयादशमी के अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई थी। पहले छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया में भेदभाव, विलंब और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं आम थीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में टेक्नोलॉजी आधारित डीबीटी प्रणाली लागू होने से अब पात्र छात्रों के खाते में राशि सीधे पहुंच रही है। अब छात्रवृत्ति वर्ष में एक बार नहीं बल्कि दो चरणों में (अक्टूबर और जनवरी में) दी जाएगी, ताकि छात्रों को समय पर सहायता मिले। वर्ष 2016-17 तक जहां केवल 8.64 लाख विद्यार्थी छात्रवृत्ति से लाभान्वित होते थे, वहीं अब यह संख्या 62 लाख तक पहुंच गई है।

पिछले आठ वर्षों में 4 करोड़ 27 लाख से अधिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया है। 2016-17 से पहले की सरकारों ने अनुसूचित जाति और जनजाति सीएम योगी ने कहा, छात्रों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, लेकिन हमारी सरकार ने न केवल वह राशि जारी की बल्कि दो वर्षों की छात्रवृत्ति एक साथ दी। हमारा स्पष्ट संकल्प है कि किसी भी विद्यार्थी के साथ भेदभाव नहीं होगा।

### शिक्षा-सशक्तिकरण की नई पहलें

सीएम योगी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा-सशक्तिकरण के लिए कई नई पहलें की गई हैं। अटल आवासीय विद्यालय के माध्यम से सभी 18 कमिश्नरी में विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जहां श्रमिक परिवारों के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा मिल रही है। आश्रम पद्धति विद्यालय के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

---

# आजम खां की फिर बिगड़ी तबीयत, रात को ही दिल्ली से उपचार कराकर लौटे थे, बेटे अब्दुल्ला ने दी जानकारी



**रामपुर।** वरिष्ठ नेता आजम खां की तबीयत शुक्रवार सुबह फिर बिगड़ गई। वह तीन दिन पहले इलाज के लिए दिल्ली गए थे और देर रात रामपुर लौटे थे। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया है।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की तबीयत फिर बिगड़ गई। तीन दिन पहले वह इलाज के लिए दिल्ली गए थे और बृहस्पतिवार रात रामपुर लौटे थे। शुक्रवार सुबह उनकी तबीयत दोबारा खराब हो गई। इसके चलते डॉक्टरों की टीम ने उनका घर पर ही प्राथमिक उपचार किया।

सीतापुर जेल से रिहाई के बाद उनका दिल्ली में इलाज चल रहा है। बीती रात रामपुर लौटने के बाद से वह लगातार थकान और कमजोरी महसूस कर रहे थे। शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने पर परिवार ने डॉक्टरों से संपर्क किया। डॉक्टरों ने आराम करने और दोबारा जांच कराने की सलाह दी है।

रिहाई के बाद से ही आजम ने अपनी सेहत पर ध्यान केंद्रित किया है। वह बीते कुछ महीनों में कई बार दिल्ली के अस्पताल जा चुके हैं। बेटे अब्दुल्ला आजम ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा है कि पिता की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### यतीमखाना मामले में दो गवाहों के वारंट जारी

सपा नेता आजम खां के खिलाफ दर्ज यतीमखाना बस्ती को कब्जाने के मामले में कोर्ट में दो गवाहों के पेश न हो पाने की वजह से नहीं हो सकी। कोर्ट ने इस मामले में दोनों गवाहों को वारंट जारी कर दिए हैं। अब इस मामले की सुनवाई 29 अक्तूबर को होगी। शहर कोतवाली में यतीमखाना बस्ती को हटाने के नाम पर मारपीट, चोरी व डकैती जैसी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। वर्ष 2019 में दर्ज इन सभी मामलों की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में हो रही है। बुधवार को भी इस मामले की सुनवाई हुई।

मंगलवार को इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से सफाई साक्ष्य के तौर पर दो गवाहों को कोर्ट में पेश होना था। दोनों गवाह इंतजार अहमद व करीम अहमद कोर्ट नहीं पहुंचे, जिस पर इस मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने इस मामले में दोनों के खिलाफ जमानती वारंट जारी किए हैं।

अब इस मामले की सुनवाई 29 अक्तूबर को होगी। वहीं दूसरी ओर भोट थाने में दर्ज नफरती भाषण के मामले में भी कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले की अगली सुनवाई अब तीन नवंबर को होगी।

---

# नए मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण, हर्ष सांघवी राज्य के नए डिप्टी सीएम





## रिवाबा जडेजा को भी मंत्रीपद

**गुजरात।** मंत्रिपरिषद में कनुभाई देसाई, पुरषोत्तम सोलंकी, नरेश पटेल, अहमदाबाद की पूर्व डिप्टी मेयर दर्शना वाघेला, गुजरात भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व प्रमुख प्रद्युमन वाजा, मोरबी विधायक कांतिलाल अमरुतिया और वडोदरा विधायक मनीषा वाकिल को भी शामिल किया गया है।

गुजरात में नए मंत्रिपरिषद का आज शपथ ग्रहण समारोह हुआ। हर्ष सांघवी को राज्य का नया डिप्टी सीएम बनाया गया है। हर्ष सांघवी तीन बार के विधायक हैं और फिलहाल मजुरा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 25 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई, जिसके बाद सीएम भूपेंद्र पटेल को मिलाकर मंत्रीपरिषद में 26 मंत्री हो गए हैं। पिछले साल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए विधायक अर्जुन मोढवाडिया को भी मंत्री बनाया गया है। विसनगर विधायक रुशीकेश पटेल, प्रफुल पनशेरिया, कुंवरजी बावलिया को फिर से मंत्रीपरिषद में शामिल किया गया है। इन विधायकों को मिली मंत्रिपरिषद में जगह कनुभाई देसाई, पुरषोत्तम सोलंकी, नरेश पटेल, अहमदाबाद की पूर्व डिप्टी मेयर दर्शना वाघेला, गुजरात भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व प्रमुख प्रद्युमन वाजा, मोरबी विधायक कांतिलाल अमरुतिया और वडोदरा विधायक मनीषा वाकिल को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली है। गुरुवार को गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर मंत्रिपरिषद के अन्य सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था।

गुजरात भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और भावनगर से विधायक जीतू वाघाणी, अमरेली से विधायक और भाजपा के डिप्टी चीफ व्हिप कौशिक वेकारिया, स्वरूपजी ठाकोर, टीकाराम छंगा, जयराम गमित, जामनगर उत्तर विधायक रिवाबा जडेजा, पीसी बारांदा, दाहोद विधायक रमेश कटारा, अंकलेशअवर विधायक इश्वरसिहं पटेल, दीसा विधायक प्रवीण माली, बारसोड विधायक रमनभाई सोलंकी, पेटलाद विधायक कमलेश पटेल, महुधा विधायक संजय सिंह महिदा को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली है।

### 2027 विधानसभा चुनाव के लिहाज से अहम है ये फेरबदल

गुजरात सरकार के मंत्रिपरिषद में यह फेरबदल भाजपा के मिशन 2027 के लिहाज से अहम माना जा रहा है। पार्टी आगामी निकाय चुनाव में नए सामाजिक समीकरणों को परखने की तैयारी कर रही है। पार्टी का मानना है, युवा विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने से युवा नेताओं का हौसला और सरकार में ओबीसी-पाटीदार प्रतिनिधित्व बढ़ा है। आगामी चुनाव में भाजपा को इसका फायदा मिल सकता है।

विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा गुजरात में सुनिश्चित करना चाहती है कि पाटीदार समुदाय के साथ ओबीसी और शहरी वर्ग का संतुलन बना रहे। विश्लेषक मानते हैं कि चेहरे बदलकर भाजपा राज्य में लंबे समय से चल रही सरकार के प्रति होने वाली एंटी इनकंबेंसी को खत्म कर रही है।

---

# दिवाली पर फूलों की महक से बाजार गुलजार, बढ़ी मांग के साथ कीमतें चढ़ीं

## गेंदे से लेकर कमल की खूब बिक्री



**नई दिल्ली।** व्यापारियों ने बताया कि मंडी में गंगधारी, फतेहपुर, खतौली, कोलकाता आदि जगहों से आ फूल आ रहे हैं। कमल, गेंदा, गुलाब और अशोक के पत्ते की खूब मांग है। इसके अलावा मंडी में सूरजमुखी, डेजी, जिप्सी, रजनीगन्धा, ऑर्किड, लिलि, ट्यूलिप, करंजा, वैजन्ती, गुलदाउदी और ग्लैड के फूल भी खूब बिक रहे हैं। दीपावली से पहले गाजीपुर फूल मंडी में रौनक बढ़ गई है। पूरी मंडी खुशबू से गुलजार है। भीड़ और फूलों की मांग से विक्रेताओं की चांदी हो गई है। रात में भी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुट रही है। लोग पूजा और घरों की सजावट के लिए गेंदे से लेकर कमल तक खरीद रहे हैं।

व्यापारियों ने बताया कि मंडी में गंगधारी, फतेहपुर, खतौली, कोलकाता आदि जगहों से आ फूल आ रहे हैं। कमल, गेंदा, गुलाब और अशोक के पत्ते की खूब मांग है। इसके अलावा मंडी में सूरजमुखी, डेजी, जिप्सी, रजनीगन्धा, ऑर्किड, लिलि, ट्यूलिप, करंजा, वैजन्ती, गुलदाउदी और ग्लैड के फूल भी खूब बिक रहे हैं। आम दिनों में एक कमल 15-20 रुपये में बिकता है लेकिन इन दिनों 25-30 रुपये में बिक रहा है। गेंदे के फूलों का गुच्छा 400-600 रुपये में बिक रहा है जबकि आम दिनों में इसकी कीमत 300-400 रुपये रहती है। इसके अलावा गुलाब का बंडल 300-400 रुपये में बिक रहा है। मंडी में फूल की कीमत निर्धारित नहीं होती है। फूलों की कीमत मांग और सप्लाई पर निर्भर करती है। इसके अलावा लॉजिस्टिक लागत और क्षेत्र की जलवायु भी कीमत निर्धारण में अहम भूमिका निभाती है। वहीं, ग्राहकों का कहना है कि दिवाली में कारोबारी अधिक मुनाफा कमाने के लिए फूलों को अधिक कीमत पर बेच रहे हैं।

---

# एक और भोजपुरी स्टार ने मारी राजनीति में एंट्री

## खेसारीलाल ने छपरा से भरा पर्चा



**छपरा। करंट क्राइम।** एक और भोजपुरी सुपरस्टार ने राजनीति में एंट्री मार ली। यह है सुपरस्टार खेसारी लाल यादव। खेसारी लाल यादव अब छपरा सीट से चुनावी मैदान में उतर गए हैं। दरअसल, पहले उनकी पत्नी को चुनाव लड़ना था, लेकिन नामांकन पत्र में तकनीकी गड़बड़ी के चलते अब खुद खेसारी लाल को मोर्चा संभालना पड़ा।

खेसारी लाल यादव ने कहा कि इस बार जनता बदलाव चाहती है। छपरा की जनता जानती है कि कौन उनके लिए ईमानदारी से खड़ा है। अब वे जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए मैदान में आए हैं।

खेसारी लाल ने कहा कि वे किसी पार्टी के नेता नहीं, बल्कि जनता के सेवक बनकर चुनाव लड़ रहे हैं। यहां की जनता ने मुझे कलाकार के रूप में प्यार दिया, अब मैं उसी प्यार का कर्ज जनता की सेवा से चुकाना चाहता हूं।


इससे पहले एक और भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के भी चुनाव मैदान में उतरने की पूरी संभावना थी लेकिन ऐन वक्त पर उनकी पत्नी ने सारा गुडगोबर कर दिया। पवन सिंह ने भाजपा के दिग्गज नेताओं से मुलाकात कर टिकट पाने की सारी औपचारिकता पूरी कर ली थी लेकिन ऐन वक्त पर पत्नी की ओर से ड्रामा किए जाने से उन्हें चुनाव मैदान से हटना पडा।

खेसारी लाल ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा, विपक्ष सिर्फ बाप-बेटे की राजनीति की बात करता है, लेकिन जनता जानती है कि पिछले बीस सालों में उन्होंने क्या किया है और क्या नहीं। अब जनता जवाब देगी। खेसारी लाल की पत्नी चंदा देवी ने भी न्यूज 18 इंडिया से बातचीत में कहा कि उनके फॉर्म में तकनीकी त्रुटि होने के कारण वे चुनाव नहीं लड़ सकीं। इसलिए, खेसारी लाल ने उनकी जगह चुनाव लड़ने का निर्णय लिया।

---

# त्योहारों की रौनक में फंसी दिल्ली, दिवाली से पहले सड़कों पर रेंग रहे वाहन

**नई दिल्ली।** कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में घंटों का समय लग गया। बाजारों में दिवाली की खरीदारी और कार्यालयों से घर लौटते कर्मचारियों की वजह से मुख्य सड़कों पर गाड़ियों रेंगनी हुई नजर आईं। दिवाली से ठीक पहले राजधानी की सड़कों पर शुक्रवार को दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। बाजारों में खरीदारी करने वालों और अपने घरों को लौट रहे यात्रियों की भारी भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था चरमराती नजर आई। दिल्ली के मध्य, दक्षिण, पूर्व, उत्तर-पश्चिम, बाहरी और उत्तरी बाहरी क्षेत्रों में यातायात का दबाव सबसे ज्यादा रहा।





### कुछ किलोमीटर का सफर, घंटों में किया तय

कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में घंटों का समय लग गया। बाजारों में दिवाली की खरीदारी और कार्यालयों से घर लौटते कर्मचारियों की वजह से मुख्य सड़कों पर गाड़ियों रेंगनी हुई नजर आईं। कई जगहों पर तो ट्रैफिक पूरी तरह ठहर गया।

### मुख्य इलाकों में बिगड़ा यातायात संतुलन

मदर टेरेसा क्रिसेंट, पंचकुइयां मार्ग, कनॉट सर्किल, लोनी रोड, हनुमान रोड और बाबा खड़क सिंह मार्ग जैसे मुख्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगीं। उत्तरी दिल्ली में जीटी करनाल रोड, राज निवास मार्ग, घंटा घर चौक और रोशनआरा रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। दक्षिणी दिल्ली में ग्रेटर कैलाश से मूलचंद फ्लाईओवर तक लगभग एक किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम देखने को मिला।

### यहां घंटों तक रेंगती रहीं गाड़ियां

वहीं, मथुरा रोड, प्रगति मैदान के आसपास और पूर्वी दिल्ली की ओर जाने वाले मार्गों पर भी गाड़ियां घंटों तक रेंगती रहीं। आउटर रिंग रोड पर वजीरपुर और आजादपुर के पास भी वाहनों की गति बेहद धीमी रही। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में जामिया मिलिया इस्लामिया के पास तिकोना पार्क के आसपास लंबी गाड़ियों की कतारें लगीं, जबकि एनएच-48 पर दिल्ली से गुरुग्राम की ओर जाने वाले फ्लाईओवर पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता गया।

### त्योहारों की भीड़ ने बढ़ाई चुनौती

दिवाली और धनतेरस से पहले शहरभर में खरीदारी के चलते बाजारों में अप्रत्याशित भीड़ देखने को मिल रही है। पुलिस के अनुसार, इस सप्ताह के अंत तक यातायात दबाव और बढ़ सकता है। यातायात विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे संभव हो तो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें और भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचें।

### पुलिस का क्या कर रही है

ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि त्योहारों के दौरान बाजारों और बस अड्डों पर भारी भीड़ होने के कारण सड़कों पर अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों को प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है और यातायात को सामान्य करने के लिए अतिरिक्त उपाय किए जा रहे हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 18 अक्टूबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## दीपावली से पहले महापौर ने शहर को दी 77 करोड़ की विकास सौगात

### बाउंड्रीवाल, नाले, सड़कें, सामुदायिक भवन और सेंट्रल वर्ज पर होगा सौंदर्यीकरण

### प्रदूषण रहित, स्वच्छ और आधुनिक गाजियाबाद की दिशा में बड़ा कदम : महापौर सुनीता दयाल


महापौर
सुनीता दयाल

**- शहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में बढ़ रहे हैं : महापौर**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दीपावली से पहले नगर निगम गाजियाबाद ने शहरवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। महापौर सुनीता दयाल ने 77 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात शहर को दी है। इन परियोजनाओं में सड़कों, नालों, बाउंड्रीवाल, सामुदायिक भवनों और सेंट्रल वर्ज के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है।



**शहर के हर कोने में विकास की रफ्तार**

करंट क्राइम : महापौर ने बताया कि बरसात के कारण शहर की कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। इन सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। स्कूलों के आसपास की सड़कों को प्राथमिकता दी गई है ताकि बच्चों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। साथ ही, सामुदायिक भवनों का पुनर्विकास कर जनता को सार्वजनिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं।

महापौर ने कहा कि इन सभी कार्यों का उद्देश्य शहर को प्रदूषण मुक्त, सुरक्षित और सुंदर बनाना है। दीवाली के इस पावन अवसर पर गाजियाबाद को एक स्वच्छ और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह सभी कार्य 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कराए जा रहे हैं, जिनकी निगरानी नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक के नेतृत्व में होगी। सभी परियोजनाएं निविदा के लिए भेजी जा चुकी हैं और दीवाली उपरांत कार्य आरंभ कर दिए जाएंगे।

**प्रमुख विकास परियोजनाएं**

- बायोडायवर्सिटी पार्क की बाउंड्रीवाल निर्माण — 3.02 करोड़
- डीपीएस चौक से संतोष मेडिकल तक आरसीसी नाला निर्माण — 4.54 करोड़
- गुर्जर चौक से मेवाड़ कॉलेज तक आरसीसी नाला निर्माण — 4.39 करोड़
- राजनगर एक्सटेंशन कॉम्पलेक्स में लिफ्ट शाफ्ट व फ्रंट एलिवेशन निर्माण — 49 लाख
- नगर निगम मुख्यालय में फायर प्रोटेक्शन सिस्टम — 1.56 करोड़
- मोहननगर जोन में शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण — 6.87 करोड़
- गौशाला का विस्तारीकरण — 7.75 करोड़
- नगर निगम मुख्यालय का रेनोवेशन एवं रंगाई-पुताई कार्य — 2.20 करोड़

**दीपावली पर जगमगाएगा गाजियाबाद**

करंट क्राइम : इस वर्ष पहली बार नगर निगम द्वारा पूरे शहर को दीपावली पर आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। महापौर ने हम चाहते हैं कि इस दीवाली पर गाजियाबाद का हर कोना रोशन और स्वच्छ दिखे। मैं सभी नागरिकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। – सुनीता दयाल, महापौर

महापौर सुनीता दयाल ने कहा गाजियाबाद शहर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सीएम ग्रिड से जोड़कर एक नई पहचान दी जा रही है। हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं कि गाजियाबाद भारत के शीर्ष 10 विकसित और स्वच्छ शहरों में शामिल हो। उन्होंने आगे कहा कि सभी पार्षद और अधिकारी टीम भावना से कार्य कर रहे हैं, और यदि जनता भी सहयोग करे तो विकास की रफ्तार कभी थमेगी नहीं।

## पुलिस कमिश्नरेट में दीपावली की तैयारियां शुरू

### लाइन से लेकर ऑफिस तक रहेगी भव्य सजावट

### थानों को भी दुल्हन की तरह सजाया जाएगा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अयोध्या में दीपोत्सव के भव्य आयोजन को देखते हुए प्रदेश के अलग-अलग शहरों में दीपावली की तैयारियों को जोर-शोर से अंजाम दिया जा रहा है। गाजियाबाद में भी पुलिस कमिश्नरेट ने शहर के प्रमुख पुलिस संस्थानों को सजाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड गाजियाबाद के निर्देश पर तीनों जोन के डीसीपी कार्यालयों, पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। इसके अलावा, थानों के गेटों और आसपास के क्षेत्रों में भी विशेष रोशनी और सजावट की जाएगी ताकि पूरे क्षेत्र में दीपावली का पर्व भव्य रूप में मनाया जा सके।

**लाइन से लेकर थाने भी सजेंगे**

करंट क्राइम : इस बार पुलिस अधिकारियों के लाइन वाले आवास को भी विशेष रूप से सजाया जा रहा है। लाइन के मुख्य गेट से लेकर अंदर तक लाइटिंग और सजावट की गई है। इसके साथ ही मिट्टी और तेल के दीपक भी जलाए जाएंगे, जिससे पारंपरिक माहौल और त्यौहार की खुशियाँ महसूस हों।

पुलिस विभाग का यह प्रयास न केवल दीपावली के पर्व को भव्य बनाने के लिए है, बल्कि यह जनता के लिए एक आकर्षक और सुरक्षित माहौल भी तैयार करेगा।

## गाजियाबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति बेकाबू

### दीपावली से पहले ही जहरीली हो गई शहर की हवा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार की सुबह तक शहर का एक्यूआई 301 तक पहुंच गया, जिसे 'बहुत खराब' श्रेणी में रखा गया है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, इस स्तर का प्रदूषण लंबे समय तक रहने पर सांस संबंधी बीमारियों का कारण बन सकता है। विशेष चिंता का कारण आनंद विहार इलाका है, जहां वायु प्रदूषण का स्तर 365 दर्ज किया गया, जो सीधे 'गंभीर' श्रेणी में आता है। इसके अलावा वजीरपुर में 333, बवाना में 306 और मुंडका में 283 दर्ज किया गया है। एनसीआर क्षेत्र की बात करें तो वायु प्रदूषण एक बार फिर लोगों के लिए चिंता का कारण बन गया है। गाजियाबाद इस सूची में सबसे प्रदूषित शहर है, इसके बाद नोएडा और दिल्ली का स्थान है।



**एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति हर साल हो रही है खराब**

करंट क्राइम : गाजियाबाद के बाद नोएडा और दिल्ली के कई इलाकों में भी वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई है। इसके कारण एनसीआर में लोग सांस लेने में कठिनाई और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि दीपावली और अन्य त्योहारी मौसम में पारंपरिक पटाखों, वाहनों और उद्योगों से निकलने वाला धुआँ वायु प्रदूषण को और बढ़ा सकता है। गाजियाबाद और एनसीआर के नागरिकों को इस समय अत्यधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। प्रदूषण की इस गंभीर स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञ यह भी सलाह दे रहे हैं कि सांस की तकलीफ वाले लोग, बच्चे और बुजुर्ग घर के अंदर ही रहें, और बाहर निकलते समय पूरी सुरक्षा अपनाएं।

**शहर के विभिन्न इलाकों से प्राप्त आंकड़े और भी चिंताजनक हैं**

लोनी : 352 ('गंभीर' के करीब)
संजय नगर : 288
इंदिरापुरम : 280
वसुंधरा : 284



**विशेषज्ञों की चेतावनी, बरतें सावधानी**

करंट क्राइम : प्रदूषण विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय बच्चों, बुजुर्गों और सांस की समस्या वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। लंबे समय तक ऐसे प्रदूषण में रहने से दमा, ब्रोंकाइटिस और अन्य श्वसन रोगों का खतरा बढ़ सकता है। विशेषज्ञों ने आम जनता को कुछ जरूरी सावधानियां अपनाने की सलाह दी है। घर के अंदर हवा को फिल्टर करने वाले उपकरण का इस्तेमाल करें। बाहर निकलने पर मास्क पहनें। वाहन और खुले स्थानों पर धुएँ के संपर्क से बचें।बच्चों और बुजुर्गों को बाहरी गतिविधियों से सीमित करें। धूम्रपान और खुले में आग जलाने से बचें।

## त्योहारों को लेकर यातायात पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी धनतेरस, दीपावली और भैया दूज के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन के नेतृत्व में गाजियाबाद पुलिस ने घंटाघर, रमतेराम रोड और अंबेडकर रोड पर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान दुकानदारों को निर्देश दिए गए कि वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अतिक्रमण न करें। सड़क किनारे लगे ठेले, खोखे हटवाए गए और गलत पार्किंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 203 वाहनों के चालान किए गए। एसीपी जियाउद्दीन ने लोगों से अपील की कि त्योहारों के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, सड़क पर अतिक्रमण न करें और पुलिस के साथ सहयोग करें।

## धनतेरस से पहले जांची दुकानों की सुरक्षा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** धनतेरस त्यौहार को सुरक्षित बनाने के लिए शुक्रवार को डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने थाना क्षेत्र मसूरी में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और दुकानदारों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

डीसीपी ने बताया कि इस गश्त का मुख्य उद्देश्य कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और आम जनता में सुरक्षा की भावना जागृत करना है। इसी क्रम में सरार्फा मार्केट और अन्य व्यस्त बाजार क्षेत्रों का दौरा किया गया और संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसएचओ मसूरी अजय कुमार ने भी डीसीपी के साथ पैदल गश्त करते हुए स्थानीय व्यापारियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें, ताकि त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जा सके।





## सांसद प्रतिनिधि को जीडीए ने कर दिया कारण बताओ नोटिस जारी


### पार्किंग है मुददा और हो गयी नेहरू युवा केन्द्र का लीज आवंटन निरस्त करने की तैयारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र की जमीन पर संकट के बादल मंडरा गये हैं। इस मैदान की 14000 वर्ग मीटर जमीन मात्र 6000 रूपये में जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र के नाम आवंटित की गयी थी।

दस्तावेज बताते हैं कि यह जमीन किन्ही शंकर दत्त शर्मा के नाम हुई थी और वर्तमान लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले इसमें गवाह के तौर पर दर्ज हैं। सब कुछ सामान्य चल रहा था लगभग 4 महीने पहले जीडीए की ओर से एक नोटिस सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों को प्राप्त हुआ। इस नोटिस में उन्हें जवाहर लाल नेहरू युवा केन्द्र का अध्यक्ष बताया गया और इसके दो महीने बाद शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपने पत्र में राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों को जवाहर लाल नेहरू युवा केन्द्र का अध्यक्ष बताते हुए उनसे अनुरोध किया कि अगर इस मैदान में आप निःशुल्क पार्किंग कर दें तो यातायात जाम नहीं होगा। सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल ने इस पत्र पर क्किक रेसपोंस लिया और तत्काल ही पुलिस कमिश्नर और जीडीए वीसी को सहमती का पत्र लिख दिया। दो दिन बार कहानीमेंफिर मोड आया और पता चला कि वहां कोई व्यक्ति नाबालिक बच्चों से पार्किंग के नाम पर शुल्क की वसूली करवा रहा है। इस मुददे पर सांसद और विधायक ने प्रैस वार्ता कर ली और सांसद प्रतिनिधि ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी।





गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

इस पूरे सीन में सबसे बड़ी विशेषता ये है कि थाने की तहरीर से लेकर जीडीए के नोटिस तक पूरा जोर राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों को अध्यक्ष साबित करने पर हैं। उन्होंने ही रिपोर्ट दर्ज कराई थी और कहानी में 15 अक्टूबर को जीडीए वाला मोड़ तब आ गया तब अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों को जवाहर लाल नेहरू युवा केन्द्र का अध्यक्ष बताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया।

इस नोटिस में कहा गया कि जवाहर लाल नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद का पटटा विलेख 11 सितम्बर 2027 निरस्त किये जाने के समय। इसमें कहा गया कि इस विषय को सांसद महोदय द्वारा जवाहर लाल नेहरू युवा केन्द्र पर अवैध पार्किंग के संबंध में काटी गयी रसीद की ओर ध्यान आकृषट किया है। यह 13 अक्टूबर को रसीट काटी गयी और आपको सूचित कर रहे हैं कि यहां पर अवैध पार्किंग संचालित कर उगाही का कार्य किया जा रहा है। नोटिस में ये कहा गया कि प्राधिकरण स्तर पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा जनसामान्य द्वारा अवैध रूप से पार्किंग के संचालन की शिकायत के क्रम में स्थलीय निरीक्षण कराया गया जिसमें यह पाया गया कि स्थल पर अवैध रूप से शुल्क लेकर पार्किंग का संचालन किया जा रहा है। जो कि पटटा विलेख शर्तों का उल्लंघन है। पार्किंग के लिए काटी गयी रसीद तथा स्थलीय फोटो ग्राफ सांसद प्रतिनिधि को भेजे गये है।

**1972 में हुआ था 90 वर्ष की लीज पर केन्द्र का आवंटन**

प्राधिकरण द्वारा अम्बेडर रोड पर स्थित जवाहर लाल नेहरू युवा केन्द्र का आवंटन 90 वर्ष की लीज पर 19 सितम्बर 1972 को किया गया था। 14000 वर्ग मीटर जमीन 6000 रूपये में दी गयी थी। इसमें नयी बात जीडीए के नोटिस में यह पता चली है कि यह पटटा विलेख 11 सितम्बर 2007 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित किया गया। पटटा विलेश की शर्तों के अनुसार नेहरू युवा केन्द्र खेल के मैदान तथा अन्य सामाजिक मनोरंजन क्रियाओं हेतु आवंटित किया गया है। अब राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों को जीडीए द्वारा दिये गये नोटिस में निर्देशित किया गया है कि इस कारण बताओ नोटिस की प्राप्ति तिथि से 15 दिन के अंदर अपना लिखित उत्तर प्राधिकरण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कि क्यों ना पटटा विलेख की शर्तों का उल्लंघन किये जाने के कारण पटटा विलेख निरस्त कर दियाजाये। यदि आप इस कारण बताओ नोटिस का उत्तर नहीं देते हैं तो यह माना जायेगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और प्राधिकरण पटटा विलेख की नियम व शर्त के अनुसार पटटा विलेख निरस्त करने के लिए स्वतंत्र है।

## महागुनपुरम सोसाइटी में पानी पीने से 80 लोग बीमार, कई अस्पताल में भर्ती



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महरौली स्थित महागुनपुरम सोसाइटी के भगीरथी टावर में 170 फ्लैट हैं, जिनमें करीब एसएसओ लोग निवास करते हैं। बीते पांच दिनों से दूषित पानी आने और करीब 80 से अधिक लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत के बाद लोगों में हड़कंप मच गया है। लोगों ने आरोप लगाया है कि सोसाइटी के एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का पानी पेयजल लाइन में मिल रहा है, जिससे सोसाइटी में कुछ समय पहले बदबूदार पानी की आपूर्ति हुई थी। स्वास्थ्य विभाग में शिकायत के बाद स्वास्थ्य शिविर लगाकर 100 लोगों को दवा वितरित की गई है।

महागुन पुरम सोसाइटी में करीब 1750 फ्लैट हैं, जिनमें लगभग 8000 लोग निवास करते हैं। सोसाइटी के भगीरथी टावर में बीते पांच दिन से बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही थी, जिससे 89 से अधिक लोग बीमार पड़ गए हैं। सोसाइटी निवासी सुमित कुमार ने बताया कि कई दिनों से पानी में बदबू आ रही थी। पहले तो लोगों ने इसे सामान्य मानकर नजरअंदाज किया, लेकिन जब बच्चों और बुजुर्गों में पेट दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायतें बढ़ने लगीं तो स्थिति गंभीर हो गई। कई लोगों को निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में भी भर्ती कराना पड़ा है।

## 10 क्विंटल से ज्यादा मिलावटी पनीर नष्ट

### खाद्य विभाग की कड़ी कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खाद्य सुरक्षा एवं आपूर्ति विभाग ने गाजियाबाद में मिलावटी और अस्वच्छ पनीर पर बड़ी कार्रवाई की गई। 16 अक्टूबर की रात्रि महालक्ष्मी गार्डन, खोड़ा कॉलोनी में दो वाहनों से कुल 4 क्विंटल 70 किलो पनीर जब्त किया गया। इनमें से एक वाहन से 3 क्विंटल 60 किलो और दूसरे से 1 क्विंटल 10 किलो पनीर बरामद हुआ।

सभी जब्त पनीर को हिंदन नदी के पास श्मशान घाट में नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा, एक अन्य वाहन से पनीर का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। नगर में रोजाना मिलावटी पनीर और मावे की खेप पकड़ी जा रही है। विभाग ने उपभोक्ताओं को सतर्क रहने की चेतावनी दी है और कहा कि किसी भी संदिग्ध डेयरी उत्पाद को खरीदने से पहले जांच लें।

वहीं अरविंद यादव, सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड ने बताया कि मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## संपादकीय

# भारत ने ट्रंप को सही समय पर दिया जवाब

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि तेल आयात नीति उपभोक्ताओं के हितों पर आधारित है। यह बयान व्यापार वार्ता के बीच भारत पर दबाव बनाने की कोशिश है। भारत अपनी 85% तेल जरूरत का 35-40% रूस से खरीदता है। करीब 9 महीने के अपने कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई ऐसे दावे कर चुके हैं, जिनकी पुष्टि कभी हो नहीं पाई। अब उन्होंने दावा किया कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा और इसका भरोसा उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया है। ट्रंप के इस दावे पर तुरंत स्पष्टीकरण की जरूरत थी और विदेश मंत्रालय ने ऐसा करके बिल्कुल सही किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की तेल आयात नीति पूरी तरह से भारतीय उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। भारत की ऊर्जा नीति के दो मुख्य लक्ष्य हैं - स्थिर दाम और सुरक्षित सप्लाई।

दबाव की कोशिश इस समय जब नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है, तब ट्रंप का बयान भारत को आजमाने की कोशिश ज्यादा दिखता है। वह भारत पर लगातार दबाव डाल रहे हैं कि रूस के साथ तेल खरीदारी रोक दी जाए। हालांकि सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि रूस के साथ व्यापारिक रिश्ता भारत की जरूरतों और हितों के अनुसार है।

रूस से व्यापार भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। वह अपनी जरूरत का करीब 85% क्रूड ऑयल बाहर से खरीदता है। इसमें से 35-40% हिस्सा आता है रूस से। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले तक यह आंकड़ा केवल 1-2% था। ट्रंप को यही बात चुभ रही है। हालांकि अमेरिका की बाइडन सरकार ने ही भारत को रूस से तेल खरीदने को कहा था, ताकि इसकी कीमतें स्थिर रहें।

दुनिया के लिए अहम भारत और रूस के बीच तेल की खरीद-फरोख्त केवल भारत के लिए नहीं, पूरी दुनिया के बाजार के लिए अहम है। क्रूड ऑयल के ग्लोबल प्रॉडक्शन में रूस की हिस्सेदारी 11% है। इस समय उसके सबसे बड़े खरीदार दो देश हैं - भारत और चीन। ये दोनों ही देश क्रूड ऑयल को रिफाइन करके फिर बाकी दुनिया में उसकी सप्लाई करते हैं। 5% हिस्सेदारी के साथ भारत ऑयल रिफाइनिंग में चौथे स्थान पर है।

चीन के लिए मौका ट्रंप की बात मानते हुए अगर भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करता है, तो पूरी ऑयल सप्लाई चेन गड़बड़ा सकती है। अरब देशों के लिए रूसी तेल की कमी की भरपाई करना मुश्किल होगा। फिर कीमत का मसला भी फंसेगा। और यह भी हो सकता है कि भारत के हटने के बाद रूस से चीन ज्यादा तेल खरीदना शुरू कर दे, जो नई दिल्ली और वॉशिंगटन में से कोई भी नहीं चाहेगा। इसलिए इस मामले में भारत को अपने हितों से पीछे नहीं हटना चाहिए।

# आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा बोले 'भारत ने मुश्किल दौर में भी खुद को संभाला'

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि उभरती बाजारों के लिए बढ़ते टैरिफ और कमोडिटी कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच महंगाई को नियंत्रित रखना बड़ी चुनौती रही है। ऐसे में केंद्रीय बैंक और राजकोषीय अधिकारियों के बीच तालमेल ने भारत को स्थिरता बनाए रखने में मदद की है।

वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत ने खुद को संभाला है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि राजकोषीय अनुशासन और मौद्रिक व सरकारी नीतियों के बीच मजबूत तालमेल ने भारत को कठिन वैश्विक परिस्थितियों में भी महंगाई पर नियंत्रण रखने और आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में अमह भूमिका निभाई है। मल्होत्रा ने यह बात अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टत्र्) की वार्षिक बैठकों के दौरान एशिया व प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन के साथ बातचीत में कही।

तालमेल ने भारत की स्थिरता बनाए रखने में मदद की उन्होंने कहा कि उभरती बाजारों के लिए बढ़ते टैरिफ और



### रुपया दूसरों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मुक्ति दिवस से पहले, यानी 2024 से, भारतीय शेयर बाजार और भारतीय रुपया वास्तव में दूसरों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए, एक तरह से, यह एक सुधार भी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का विदेशी मुद्रा बाजार गहरा और मजबूत है व केंद्रीय बैंक का ध्यान स्थिरता बनाए रखने पर है।

कमोडिटी कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच महंगाई को नियंत्रित रखना बड़ी चुनौती रही है। ऐसे में केंद्रीय बैंक और राजकोषीय अधिकारियों के बीच तालमेल ने भारत को स्थिरता बनाए रखने में मदद की है। इस वर्ष डॉलर 10 प्रतिशत तक गिरा उन्होंने कहा कि विनिमय दर में अस्थिरता के प्रबंधन के बारे में मल्होत्रा ने कहा कि हालांकि उभरते बाजारों की मुद्राएं डॉलर के मुकाबले काफी अस्थिर रही हैं, लेकिन भारत का दृष्टिकोण किसी विशिष्ट स्तर को लक्ष्य करने के बजाय रुपये की व्यवस्थित गति सुनिश्चित करना रहा है।

मल्होत्रा ने कहा कि देखिए, इस वर्ष डॉलर अपने चरम से लगभग 10

### राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4 प्रतिशत तक कम करने का अनुमान

मल्होत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की ओर से अपनाई गई राजकोषीय उदारता ने भी इसमें मदद की है। राजकोषीय घाटा अब बहुत ही प्रबंधनीय स्तर पर है, जिसे अब केंद्र सरकार के लिए सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत तक कम करने का अनुमान है। राज्य और केंद्र दोनों सरकारों का कुल ऋण बड़ी ऋण अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम है। मुझे लगता है कि केवल जर्मनी ही ऐसा है जिसका सार्वजनिक ऋण स्तर इससे कम है।

प्रतिशत तक गिर चुका है और अब यह एक सीमित दायरे में ही चल रहा है। दूसरी ओर, भारतीय रुपये में डॉलर के मुकाबले उतनी वृद्धि नहीं हुई है, जबकि इस वर्ष स्वतंत्रता के बाद अधिकांश अन्य मुद्राओं में वृद्धि हुई है। उन्होंने इसके लिए उच्च टैरिफ और कुछ पूंजी बहिर्वाह को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही कहा कि समय के साथ भारतीय रुपये और इक्विटी का प्रदर्शन मजबूत रहा है।

## 'वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत दुनिया का उज्ज्वल केंद्र'

# आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने दी सलाह

**नई दिल्ली।** आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत दुनिया का उज्ज्वल स्थान बना हुआ है। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत को व्यापार संबंधों को और मजबूत करना चाहिए ताकि वह वैश्विक विकास में अपनी अग्रणी भूमिका को बनाए रख सके।

खंडित वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत एक उज्ज्वल स्थान है, लेकिन इसे व्यापार संबंधों को और गहरा करना होगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की एमडी क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा, भारत वैश्विक विकास के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक बना हुआ है, भले ही बढ़ते टैरिफ, असमान विस्तार व कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेजी से विकास के बीच विश्व अर्थव्यवस्था अधिक अप्रत्याशित होती जा रही है।



आईएमएफ की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जॉर्जीवा ने कहा, भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यह वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उनके मुताबिक, देश को घनिष्ठ व्यापार एकीकरण से लाभ हो सकता है। भारत स्वयं भागीदारों के साथ उच्च स्तर के व्यापार एकीकरण का लक्ष्य रख सकता है। भारत ने अब भी व्यापार में कुछ बाधाएं बरकरार रखी हैं।

आईएमएफ की एमडी ने हाल में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के टैरिफ उपायों को अपनाने के कारण बदलते वैश्विक व्यापार पैटर्न की ओर इशारा किया। जॉर्जीवा ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ने भागीदारों के साथ संबंधों में टैरिफ को एक साधन के रूप में इस्तेमाल करना चुना है। बाकी दुनिया ने अभी तक इसका अनुसरण नहीं किया है। आईएमएफ के 191 सदस्यों में से हमने केवल तीन देशों अमेरिका, चीन और कनाडा को टैरिफ पर अधिक सख्ती से आगे बढ़ते देखा है।

### तीन फीसदी पर अटकी है वैश्विक अर्थव्यवस्था...

आईएमएफ प्रमुख ने कहा, विश्व अर्थव्यवस्था अभी 3 फीसदी की वृद्धि दर पर अटकी हुई है। एआई उत्पादकता में वृद्धि की अगली लहर ला सकता है। एआई विकास में 0.1 से 0.8 फीसदी के बीच योगदान देगा। एआई से उस वृद्धि को प्राप्त करना दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।
- एक समुद्री केकड़े का दिल उसके सिर में होता है।
- इंटरनेट पर 80% ट्रैफिक, सर्च इंजन से आता है।
- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।

# पंजाब एंड सिंध बैंक का मुनाफा 29.5 फीसदी बढ़कर 295 करोड़ हुआ, तिमाही परिणाम जारी



**नई दिल्ली।** पंजाब एंड सिंध बैंक ने सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 29.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। बैंक के अनुसार, सितंबर तिमाही में ब्याज आय बढ़कर 2,999 करोड़ हो गई। बैंक ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने मार्च 2027 तक 5,000 करोड़ तक की पूंजी जुटाने की मंजूरी दी है। राज्य संचालित पंजाब एंड सिंध बैंक ने सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 29.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। इससे बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 295 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 240 करोड़ था।

बैंक ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने मार्च 2027 तक 5,000 करोड़ तक की पूंजी जुटाने की मंजूरी दी है। इसमें 3,000 करोड़ की राशि दक्छ, ऋछड या राइट्स इश्यू के माध्यम से और 2,000 करोड़ की राशि बॉन्ड्स के जरिए जुटाई जाएगी।

इसके साथ ही बोर्ड ने लॉन्ग टर्म इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड्स के रूप में 3,000 करोड़ तक जुटाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

### सितंबर तिमाही में ब्याज आय बढ़कर 2,999 करोड़ हुई

बैंक के अनुसार, सितंबर तिमाही में ब्याज आय बढ़कर 2,999 करोड़ हो गई। यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,739 करोड़ थी। संपूर्ण एनपीए में भी सुधार हुआ है और यह 4.21% से घटकर 2.92% पर आ गया है। बीएसई पर गुरुवार को बैंक के शेयर 30.22 प्रति शेयर पर बंद हुए, जो पिछले बंद भाव से 0.23 प्रतिशत अधिक है।

# लगातार तीसरे दिन बाजार में हरियाली, सेंसेक्स 484 अंक चढ़ा



**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 484.53 अंक उछलकर 83,952.19 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 124.55 अंक की बढ़त के साथ 25,709.85 पर बंद हुआ।

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को हरे निशान पर बंद हुआ। ब्लू-चिप बैंकिंग और तेल शेयरों में लिवाली तथा विदेशी पूंजी प्रवाह के कारण लगातार तीसरे दिन इनमें तेजी जारी रही। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 484.53 अंक या 0.58 प्रतिशत उछलकर 83,952.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 704.58 अंक या 0.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,172.24 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 124.55 अंक या 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,709.85 पर आ गया।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 60.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.92 प्रतिशत घटकर 60.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 997.29 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी पिछले कारोबार में 4,076.20 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गुरुवार को सेंसेक्स 862.23 अंक या 1.04 प्रतिशत बढ़कर 83,467.66 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 261.75 अंक या 1.03 प्रतिशत बढ़कर 25,585.30 पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स में सबसे ज्यादा 4.18 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी बढ़त में रहे। वहीं इंफोसिस, एचसीएल टेक, इटर्नल, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार तेजी से नीचे कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार भी गिरावट के साथ बंद हुए।

## राशिफल

**मेष:** मुमकिन है कि आपको किसी अंग मे दर्द या तनाव से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़े। आर्थिक तौर पर बेहतरी के चलते चीजें खरीदना आसान होगा।

**वृष:** आज बिजनेस के सिलसिले में विदेश यात्रा कर सकते हैं। किसी करीबी रिश्तेदार के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र और बिजनेस से जुड़ी यात्राएं हो सकती हैं। आपकी धार्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। झूठ बोल कर आप परेशानी में आ सकते हैं।

**कर्क:** पेचीदा हालात में फंसने पर घबराएं नहीं। खाने में थोड़ा-सा तीखापन उसे और भी लजीज बना देता है, ऐसी परिस्थितियाँ खुशियों की सही कीमत बताती हैं।

**सिंह:** आज का दिन सामान्य रहेगा। पुराने काम पूरे होने की उम्मीद है। इस राशि के कला के क्षेत्र में रुचि बढ़ सकती है। थकान से स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है।

**कन्या:** आज सिर और पेट दर्द से परेशानी हो सकती है इसलिए स्वास्थ्य के मामले में थोड़ा संभल कर चलना चाहिए। उधार मांगने वाले लोगों को नजरअन्दाज करें।

**तुला:** आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है लेकिन अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**वृश्चिक:** आज का दिन दोस्तों के साथ बीतेगा। बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेना फायदेमंद रहेगा। दिनचर्या में कुछ अच्छे बदलाव हो सकते हैं।

**धनु:** आज आप जो भी काम करें बहुत सावधानीपूर्वक करें। सेहत बढ़िया रहेगी। आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी।

**मकर:** सीढ़ियां चढ़ते वक़्त दमे के मरीजों को सावधान रहना चाहिए। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-खासा मुनाफा देंगे।

**कुंभ:** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए दिन शानदार रहेगा। पढ़ाई में मन लगेगा। किसी नये कोर्स को ज्वॉइन करने के लिए आज का दिन शुभ है।

**मीन:** आज नए बदलाव देखने को मिलेंगे। खास तौर पर आपको शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सफलता मिलेगी। जमीन और वाहन से जुड़ी समस्याएं सताएंगी।

## चुटकुले

दुकानदार : मैडम क्यों परेशान हो!
लड़की : मेरे फोन में नेटवर्क नहीं आ रहा है देखना!
दुकानदार : मैडम यह तो खराब मौसम की वजह से है!
लड़की : यह लो 500 नया मौसम डाल दो ना।
दुकानदार बेहोश।

---

टिल्लू अपनी बीमारी लेकर डॉक्टर के पास गया,
डॉक्टर- आपकी बीमारी की सही वजह मेरी समझ में नहीं आ रही,
हो सकता है दारू पीने की वजह से ऐसा हो रहा हो,
टिल्लू- कोई बात नहीं डॉक्टर साहब,
जब आपकी उतर जाएगी तो मैं दोबारा आ जाऊंगा।

---

पहला कैदी- तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
दूसरा कैदी- बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।
पहला कैदी- वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
दूसरा कैदी- वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें, बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पर्थ में होगी भारत-ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत
# टीमों के स्क्वॉड, पिच रिपोर्ट और हेड टू हेड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** पर्थ स्टेडियम की बात करें तो यहां कि पिच को दुनिया की सबसे तेज और उछाल भरी पिच के रूप में जाना जाता है। तेज गेंदबाजी के लिए ये पिच खतरनाक साबित होती है। यानी बल्लेबाजों को यहां दिक्कत हो सकती है। ये मैदान हालांकि, पर्थ के पुराने वाका क्रिकेट ग्राउंड की से अलग है। यहां भारत ने एक भी वनडे मैच नहीं खेला है।



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज रविवार 19 अक्टूबर से होने जा रहा है। पहला मुकाबला पर्थ स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में सभी की नजरें भारतीय वनडे टीम के नए कप्तान शुभमन गिल पर तो होंगी ही। साथ ही लंबे समय बाद भारतीय जर्सी में लौटे रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी सभी का विशेष ध्यान होगा।

अगर पर्थ स्टेडियम की बात करें तो यहां कि पिच को दुनिया की सबसे तेज और उछाल भरी पिच के रूप में जाना जाता है। तेज गेंदबाजी के लिए ये पिच खतरनाक साबित होती है। यानी बल्लेबाजों को यहां दिक्कत हो सकती है। ये मैदान हालांकि, पर्थ के पुराने वाका क्रिकेट ग्राउंड की से अलग है। यहां भारत ने एक भी वनडे मैच नहीं खेला है। जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम यहां तीन वनडे खेली है और एक में भी उसे जीत नहीं मिल पाई है। जबकि 2024 में भारत ने यहीं टेस्ट मैच जीता था।

## पिच और मौसम का हाल

अगर पर्थ के इतिहास की बात करें तो वाका की पिच खूनी से सनी हुई बताई जाती थी। क्योंकि वो दुनिया की सबसे खतरनाक, तेज और उछाल भरी सतह थी। लेकिन ऑप्टस स्टेडियम में ड्रॉप इन पिचों का इस्तेमाल किया गया। इसका मतलब है कि, यहां कि पिच की सतह उछाल भरी है और तेज गेंदबाजों को यहां मदद मिलती है।

यहां अभी तक तीन मैच हुए हैं दो बार बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है। क्योंकि कहा जाता है कि जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है तो पिच का पेस और उछाल सीमित हो जाता है। इस कारण बल्लेबाजी आसान हो जाती है। ऐसे में टॉस जीतने वाला कप्तान पहले गेंदबाजी चुन सकता है। पर्थ की पिच की जो ताजा तस्वीर के अनुसार, पिच पर घास दिख रही है। जिससे तेज गेंदबाज खुश हो सकते हैं। वहीं मौसम की बात करें तो मैच के दिन पर्थ में दिन के समय 60 प्रतिशत और रात के वक्त 40 प्रतिशत बारिश के आसार हैं। यानी इस कारण ओवरकास्ट कंडीशन बनी रहेगी और तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिल सकती है। बल्लेबाजों को ऐसे वक्त संभलकर खेलना पड़ सकता है। ऑस्ट्रेलिया में ये सर्दियां जाने का समय है और इस वक्त बारिश भी मौका होती है। इसलिए ये कहना गलत नहीं होगा कि बारिश मैच में खलल डाल सकती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे में हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो 152 मैच अभी तक दोनों टीमों ने खेले हैं। इसमें में 58 में भारत को जीत मिली है। वहीं 84 मैच कंगारू टीम ने जीते हैं। 10 मैचों में कोई भी परिणाम नहीं निकल पाया। साफतौर पर ओवरऑल रिकॉर्ड में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा। अगर इस मैदान की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पहली बार वनडे मैच होने जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इससे पहले यहां तीन वनडे खेली है लेकिन उसे पहली जीत का इंतजार है।

अगर ऑस्ट्रेलिया में भारत के वनडे रिकॉर्ड की बात करें तो भारत ने यहां कंगारू टीम के खिलाफ कुल 54 मुकाबले खेले हैं। इसमें से टीम इंडिया को सिर्फ 14 मैचों में जीत मिली है। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 38 मैचों में अपने घर पर भारत को हराया है। दो मुकाबले दोनों के बीच ऑस्ट्रेलिया में बेनतीजा रहे हैं। जबकि ऑस्ट्रेलिया में ओवरऑल भारत ने 99 वनडे मैच खेले हैं जिसमें से 40 में उसे जीत मिली है और 53 में हार का सामना करना पड़ा है। जबकि दो मैच टाई हुए हैं और चार मैचों का कोई परिणाम नहीं निकल पाया।

## दोनों टीमों के स्क्वॉड

भारत- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल और यशस्वी जायसवाल।

ऑस्ट्रेलिया- मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मैथ्यू कूहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, मिचेल ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क।

# विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप: जी दत्तु, भव्य और विशाखा क्वार्टर फाइनल में, तन्वी और उन्नति भी जीते

**नई दिल्ली।** तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियन लड़कियों के एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, जी दत्तु टीटी ने लड़कों के एकल वर्ग जबकि भव्य छाबड़ा और विशाखा टोप्पो ने मिश्रित युगल में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हराया।



भारत की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियन लड़कियों के एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, जी दत्तु टीटी ने लड़कों के एकल वर्ग जबकि भव्य छाबड़ा और विशाखा टोप्पो ने मिश्रित युगल में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हराया जिससे नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक और अच्छा दिन रहा।

## दत्तु ने अमेरिका के गैरेट टेन को हराया

तन्वी ने चीन की सुन ली युआन के खिलाफ दबदबा बनाते हुए 15-8, 15-5 से जीत दर्ज की जबकि आठवीं वरीय उन्नति ने खराब शुरूआत से उबरते हुए मलयेशिया की केरिन टी को 15-10, 15-7 से हराया। क्वार्टर फाइनल में तन्वी की भिड़ंत जापान की साकी मात्सुमोतो से होगी जबकि उन्नति थाईलेंड की दूसरी वरीय अन्यापत फिचितप्रीचासक के खिलाफ उतरेंगी। पहली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप में खेल रहे जी दत्तु ने लड़कों के एकल वर्ग में अमेरिका के गैरेट टेन को 15-12 15-13 से हराया जबकि भव्य और विशाखा ने थिबॉल्ट गार्डन और अगाथे क्युवास की फ्रांस की तीसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए 12-15, 15-11, 15-12 से जीत दर्ज करते हुए अंतिम आठ में प्रवेश किया।

दत्तु के खिलाफ टेन ने दूसरे गेम में 10-14 के स्कोर पर तीन मैच प्वाइंट बचाए लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने चौथे मैच प्वाइंट पर अंक बनाकर अगले दौर में जगह सुनिश्चित की। दत्तु ने मैच के बाद कहा, 'उनके (टेन के) पास मेरे से अधिक अनुभव है क्योंकि उन्होंने कुछ सीनियर टूनार्मेंट खेले हैं लेकिन मुझे विश्वास था कि अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सका तो मैं उन्हें हरा सकता हूं और मुझे खुशी है कि मैं आज ऐसा कर सका।' भव्य और विशाखा ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस की तीसरी वरीय जोड़ी को बाहर का रास्ता दिखाया। तीसरे और निर्णायक गेम में विरोधी जोड़ी 11-8 से आगे थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार छह अंक के साथ मैच का रुख बदल दिया।

# संजू सैमसन ने रणजी ट्रॉफी में खेली वनडे जैसी पारी
# टीम मैनेजमेंट को बल्ले से दिया कड़क जवाब

**नई दिल्ली।** संजू सैमसन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं मिली। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 10 साल भी पूरे कर लिए। लेकिन एक दशक में उन्हें बेहद ही कम मौके मिले हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में चुना गया है।



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं मिली। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 10 साल भी पूरे कर लिए। लेकिन एक दशक में उन्हें बेहद ही कम मौके मिले हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में चुना गया है। अब संजू सैमसन ने रणजी ट्रॉफी 2025 के पहले मुकाबले में महाराष्ट्र के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी से बता दिया कि वह टी20 के अलावा लंबे फॉर्मेट के खिलाड़ी भी हैं। भारत के लिए 16 वनडे मुकाबले खेलने के बाद भी संजू को वनडे सीरीज में नहीं चुना गया था। अब रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 51 गेंदों पर फिफ्टी जड़ी और अपनी टीम के स्कोर 35 पर 3 विकेट से आगे बढ़ाया। उन्होंने चौथे विकेट के लिए सचिन बेबी के साथ मिलकर 40 और कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 57 रन जोड़े।

इस दौरान उनकी पारी में 5 चौके और एक छक्का भी शामिल है। उन्होंने 63 गेंदों पर 54 रनों की पारी खेली। उन्होंने अमूमन इस पारी को 85 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से खेला। उनका वनडे में करियर स्ट्राइक रेट है 99.61। उन्होंने 16 वनडे मैचों में भारत के लिए एक शतक और तीन फिफ्टी समेत 510 रन बनाए हैं। वहीं टी20 इंटरनेशनल में वह टीम इंडिया के लिए 49 मैचों में 3 शतक और 3 अर्धशतक भी जड़ चुके हैं और 993 रन भी बना चुके हैं।

# ओसाका चोट के कारण जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल से हटीं, अनाहत बोस्टन ओपन के अंतिम-8 में पहुंचीं

**नई दिल्ली।** टूनार्मेंट के आयोजकों ने कहा कि शीर्ष वरीय ओसाका दूसरे दौर के मैच के दौरान लगी चोट से नहीं उबर पाईं। क्रिस्टियन ने इस साल तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है।



नाओमी ओसाका बाएं पैर में चोट के कारण शुक्रवार को जापान ओपन टेनिस टूनार्मेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से हट गईं। मैच से पहले ओसाका के हटने से जैकलिन क्रिस्टियन को वाकओवर मिला और वह सेमीफाइनल में पहंच गईं। डब्ल्यूटीए टूर ने यह जानकारी दी।

टूनार्मेंट के आयोजकों ने कहा कि शीर्ष वरीय ओसाका दूसरे दौर के मैच के दौरान लगी चोट से नहीं उबर पाईं। क्रिस्टियन ने इस साल तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। चोट के कारण बाहर होने से पहले ओसाका ने वकाना सोनोबे और 2024 की चैंपियन सुजेन लेमेन्स को हराया। जापान ओपन के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता लेला फर्नांडिज ने रेबेका रैमकोव को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।

अनाहत स्क्वॉश टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में

मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने अमेरिका की चार्लोट सेज को हराकर 15,000 डॉलर पुरस्कार राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूनार्मेंट बोस्टन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टूनार्मेंट में दूसरी वरीयता अनाहत ने पहले दौर में बाई मिलने के बाद बृहस्पतिवार को अंतिम 16 दौर में स्थानीय खिलाड़ी सेज को 11-4, 11-6, 9-11, 11-8 से हराया।

विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर काबिज दिल्ली की इस युवा खिलाड़ी के सामने अब मिस्त्र की आठवीं वरीयता प्राप्त यना स्वाइफी की चुनौती होगी।

# अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप का सिर चढ़कर बोल रहा क्रेज, अब तक बिक चुकी हैं इतनी टिकटें

**नई दिल्ली।** फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूनार्मेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं। फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं।

फीफा विश्व कप का आयोजन अगले साल होना है, लेकिन इसका क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा ने बताया है कि अब तक 10 लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। फीफा ने इस महीने की शुरूआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू की थी। उम्मीद के मुताबिक सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। ये तीन देश इस टूनार्मेंट की मेजबानी करेंगे।

फीफा ने यह भी घोषणा की कि उसकी रीसेल साइट खुल गई है और न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में विश्व कप फाइनल के टिकट गुरुवार दोपहर तक 9,538 डॉलर से लेकर 57,500 डॉलर प्रति सीट की कीमत पर उपलब्ध थे।




## 11 जून 2026 से शुरू होगा टूनार्मेंट

फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूनार्मेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं। फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूनार्मेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, दुनिया भर की राष्ट्रीय टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूनार्मेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं। यह एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया है और एक अद्भुत संकेत है कि इतिहास का सबसे बड़ा, सबसे समावेशी फीफा विश्व कप दुनिया भर के समर्थकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।

# संजू सैमसन ने रणजी ट्रॉफी में खेली वनडे जैसी पारी टीम मैनेजमेंट को बल्ले से दिया कड़क जवाब



**नई दिल्ली।** संजू सैमसन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं मिली। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 10 साल भी पूरे कर लिए। लेकिन एक दशक में उन्हें बेहद ही कम मौके मिले हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में चुना गया है।

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं मिली। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 10 साल भी पूरे कर लिए। लेकिन एक दशक में उन्हें बेहद ही कम मौके मिले हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में चुना गया है।

अब संजू सैमसन ने रणजी ट्रॉफी 2025 के पहले मुकाबले में महाराष्ट्र के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी से बता दिया कि वह टी20 के अलावा लंबे फॉर्मेट के खिलाड़ी भी हैं। भारत के लिए 16 वनडे मुकाबले खेलने के बाद भी संजू को वनडे सीरीज में नहीं चुना गया था। अब रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 51 गेंदों पर फिफ्टी जड़ी और अपनी टीम के स्कोर 35 पर 3 विकेट से आगे बढ़ाया। उन्होंने चौथे विकेट के लिए सचिन बेबी के साथ मिलकर 40 और कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 57 रन जोड़े।

इस दौरान उनकी पारी में 5 चौके और एक छक्का भी शामिल है। उन्होंने 63 गेंदों पर 54 रनों की पारी खेली। उन्होंने अमूमन इस पारी को 85 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से खेला। उनका वनडे में करियर स्ट्राइक रेट है 99.61। उन्होंने 16 वनडे मैचों में भारत के लिए एक शतक और तीन फिफ्टी समेत 510 रन बनाए हैं। वहीं टी20 इंटरनेशनल में वह टीम इंडिया के लिए 49 मैचों में 3 शतक और 3 अर्धशतक भी जड़ चुके हैं और 993 रन भी बना चुके हैं।

# सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की जगह हुई पक्की




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने अभी तक 4 मैच खेले हैं। अपने शुरूआती दो मैचों में उसने पहले श्रीलंका और उसके बाद पाकिस्तान को शिकस्त दी। उसके बाद हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम लड़खड़ा गई। अपने तीसरे मैच में उसे दक्षिण अफ्रीका के हाथों 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा तो चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड रनों को चेज करते हुए जीत हासिल की।

महिला वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया का अजेय सफर जारी है। वह सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। उसने अब तक 5 मैच में से 4 में जीत हासिल की है और 1 मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया। उसके बाद पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर इंग्लैंड है और वह भी अब तक अजेय है। साउथ अफ्रीका की टीम तीसरे पायदान पर है। पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों हार के बाद उसने लगातार 3 मैच जीते हैं। फिलहाल, भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है। शुरूआती दो मैच जीतने के बाद टीम ऐसी लड़खड़ाई कि पिछले दो मैच में उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा।

वहीं भारतीय टीम ने अभी तक 4 मैच खेले हैं। अपने शुरूआती दो मैचों में उसने पहले श्रीलंका और उसके बाद पाकिस्तान को शिकस्त दी। उसके बाद हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम लड़खड़ा गई। अपने तीसरे मैच में उसे दक्षिण अफ्रीका के हाथों 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा तो चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड रनों को चेज करते हुए जीत हासिल की। इस तरह 4 मैचों में 4 अंकों और 0.682 के नेट रन रेट के साथ भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है। अभी लीग स्टेज में उसके 3 मैच बचे हैं और अगर भारतीय टीम चौथे नंबर पर है। अगर भारत को अपना चौथा पायदान बरकरार रखना है तो उसे सेमीफाइनल में जगह पक्की करनी होगी।

टीम इंडिया अगर बाकी के तीन मैचों में 2 जीत जाती है और एक में उसे हार झेलनी पड़ती है तब भी वह सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। भारत का अगला मुकाबला रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ होगा। अगर टीम इंडिया उसे हार भी जाए लेकिन न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से अगले मुकाबले जीत जाए तो उसे सेमीफाइनल में पहुंचने में मुश्किल नहीं होगी।

वहीं भारत अगर बाकी के तीन मैचों में से 2 में हार जाए और एक जीते तब सेमीफाइनल में उसकी राह मुश्किल हो जाएगी। उसे तब दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना पड़ेगा। अगर भारत इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से हाँ जाए तब उसे बांग्लादेश से हर हाल में जीतना पड़ेगा। इतना ही नहीं, तब उसे ये भी उम्मीद करनी होगी कि न्यूजीलैंड पाकिस्तान और इंग्लैंड से अपने मुकाबलों में हार जाए।

# कैंसर को हरा कर इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने की दमदार वापसी, अपने दर्द भरे सफर को किया बयां

**नई दिल्ली।** मेडिनसन ने बताया है कि उन्हें टैस्टिकुलर कैंसर था जिसे वह मात देने में सफल रहे लेकिन इस दौरान उनका सफर बेहद दर्द भरा रहा। मेडिनसन ने बताया है कि उन्होंने टेस्टिकुलर कैंसर को हराने के लिए कितनी कठिन लड़ाई लड़ी।



ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और टी20 क्रिकेटर निक मेडिनसन एक जानलेवा बीमारी से जूझ रहे थे जिसके बाद उन्होंने उसे मात देकर वापसी की है। मेडिनसन ने बताया है कि उन्हें टैस्टिकुलर कैंसर था जिसे वह मात देने में सफल रहे लेकिन इस दौरान उनका सफर बेहद दर्द भरा रहा। मेडिनसन ने बताया है कि उन्होंने टेस्टिकुलर कैंसर को हराने के लिए कितनी कठिन लड़ाई लड़ी। उन्होंने बताया कि सर्जरीऔर कई हफ्तो की कीमोथेरेपी के बाद उन्होंने इस बीमारी को मात दी। आखिरी बार मार्च में शेफील्ड शील्ड में खेलने वाले मेडिनसन की जांच में कैंस का पता चलने के बाद उनका ट्यूमर हटाने के लिए ऑपरेशन किया गया। लेकिन उनकी असली लड़ाई तो इसके बाद शुरू हुई। 2014 से 1015 के बीच आरसीबी के लिए खेलने वाले मेडिनसन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से बात करते हुए बताया कि जब उन्हें अपने कैंसर के बारे में बताया तो वह डरावना पल था। उन्होंने कहा कि, जब मुझे पता चला कि मुझे कीमो करवानी है तो ये मेरे लिए बहुत मुश्किल पल था। कैंसर मेरे पेट के लिए लिम्फ नोड्स और फेफड़ों तक फैल चुका था। वह पल मेरे लिए सबसे डरावना था।

मेडिनसन ने स्वीकार किया कि कीमोथेरेपी के वो 9 हफ्ते उनके जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण हफ्ते थे। कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट्स को कम करने के लिए उन्हें स्टेरॉइड्स दिए गए, लेकिन उनके भी गंभीर असर हुए। उन्होंने कहा कि, दूसरे या तीसरे हफ्ते करते थे लेकिन वे मुझे रात में सोने नहीं देते थे। मैं 1 बजे तक तो सो जाता, लेकिन फिर सुबह 6 बजे तक जागता रहता।

# रणजी ट्रॉफी में रजत पाटीदार ने जड़ा पहला दोहरा शतक
# टीम इंडिया में वापसी के लिए ठोकी दावेदारी

**नई दिल्ली।** रजत पाटीदार ने एमपी रणजी टीम की कमान संभाली है। वह कमाल पर कमाल कर रहे हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। पिछली 8 पारियों में धमाल मचाने वाले रजत ने रणजी ट्रॉफी 2025 के पहले मुकाबले में दोहरा शतक लगाकर टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी ठोक दी है।

आईपीएल में आरसीबी को 17 साल बाद पहली बार अपनी कप्तानी में खिताब जिताने वाले रजत पाटीदार के सितारे गर्दिश में है। उनका प्रदर्शन दिन प्रतिदिन बेहतर होता जा रहा है। पहले आईपीएल और फिर दलीप ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी और अब रणजी ट्रॉफी में रजत पाटीदार का बल्ला आग उगल रहा है।




जब से रजत ने एमपी रणजी टीम की कमान संभाली है। वह कमाल पर कमाल कर रहे हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। पिछली 8 पारियों में धमाल मचाने वाले रजत ने रणजी ट्रॉफी 2025 के पहले मुकाबले में दोहरा शतक लगाकर टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी ठोक दी है। पंजाब के खिलाफ मध्य प्रदेश के नए कप्तान ने पहले ही मैच में दोहरा शतक ठोककर अपनी टीम को मजबूत बढ़ा दिला दी है।

ये रजत पाटीदार के प्रथम श्रेणी करियर का 16वां शतक और पहला दोहरा शतक है। उनकी इस पारी की मदद से मध्यप्रदेश ने पंजाब के खिलाफ पहली पारी में 270 से ज्यादा रन की बढ़त बना ली है। रजत पाटीदार के बल्ले से पिछली 8 फर्स्ट क्लास पारियों में अभी तक 663 रन निकल चुके हैं। खबर लिखे जाने तक वह पंजाब के खिलाफ 205 रन बनाकर नाबाद हैं।

# नोएडा में दीपावली से छठ तक चलेगी 305 अतिरिक्त बसें, किराया तय, सुरक्षा पर सख्ती



**बस संचालकों के लिए मुख्य निर्देश**
- निर्धारित किराये से अधिक वसूली न करें
- बस की छत पर सवारी बिल्कुल न बैठाएं
- चालक-परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य
- फिट कर्मियों से ही बस संचालन कराया जाए
- सुरक्षा मानकों व यातायात नियमों का पालन आवश्यक

**नोएडा (करंट क्राइम)।** दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज तथा छठ पूजा पर पर लोगों को अब घर पहुंचना आसान हो जाएगा। 18 अक्तूबर से नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से 305 बसें अतिरिक्त फेरें लगाएंगी। यह सुविधा 30 अक्तूबर तक के लिए रहेगी। इसके अलावा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने आज निजी बस ऑपरेटर्स के साथ बैठक कर यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोपरि रखने के निर्देश दिए है।
आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज तथा छठ पूजा के दृष्टिगत जनपद गौतमबुद्धनगर में सुगम एवं सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए आज सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) (एडीटीओ) डॉ उदित नारायण पांडेय के कार्यालय स्थित सभा कक्ष में जनपद के बस ऑपरेटर्स की बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित समस्त बस संचालकों को आगामी त्यौहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।
बैठक में एडीटीओ डॉ उदित नारायण पांडेय ने बस संचालकों को निर्देशित किया कि वे यात्रियों से किसी प्रकार का दुर्व्यवहार न करें तथा किसी भी परिस्थिति में निर्धारित किराये से अधिक किराया न वसूलें। सभी बसों की समुचित साफ-सफाई और किसी भी चालक या परिचालक द्वारा मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन संचालन न किया जाए। इसके अलावा बसें निर्धारित गति सीमा में संचालित हो तथा किसी भी दशा में बस की छत पर सवारियों को न बैठाया जाए।

उन्होंने बस संचालकों को निर्देश दिया कि बस चालक एवं परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए और केवल चिकित्सकीय रूप से फिट पाए गये कर्मियों से ही बसों का संचालन कराया जाए। बसों में निर्धारित सीटिंग क्षमता से अधिक सवारियों को न बैठाएं तथा बिना वैध प्रपत्रों के किसी भी वाहन का संचालन कदापि न किया जाए। सभी चालक एवं परिचालक वाहन संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों एवं यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन करें। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि यह निर्देश जनमानस की सुरक्षा से संबंधित हैं, अतः इनका पालन किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा उल्लंघन की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

वहीं दूसरी तरफ यूपी रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने बताया दीपावली पर यात्रियों की सुविधा के लिए डिपो की 305 बसें एक हजार से अधिक अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। त्योहारों पर हर रूट पर यात्रियों की भीड़ होती है। ऐसे में प्रत्येक रूट पर दूरी के मुताबिक बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। इसमें आगरा, मथुरा, अलीगढ़, बरेली, बंदायू, मेरठ, बिजनौर और अन्य शहरों की बसें शामिल हैं।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि आपातकालीन स्थिति को छोड़कर चालक, परिचालक और अन्य कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त रहेगी। उन्होंने बताया कि बसें रूट से लौटने के बाद डिपो में रुकती थीं और कार्यशाला में जांच के बाद अगले दिन जांच के लिए निकलती थीं, लेकिन त्योहारों में इसमें बदलाव किया गया है। बसें रूट से लौटने के बाद कार्यशाला में जांच पूरी होते ही तुरंत गंतव्य को निकल जाएंगी। बसें निर्धारित समय सारणी के अनुसार आगरा, मथुरा आदि शहरों के लिए बसें अधिक फेरे लगाएंगी।

# वाहन चोरों का आतंक: अलग-अलग जगहों से 5 बाइक चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में वाहन चोरों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है और वे बेलगाम हो गए हैं। चोरों ने अलग-अलग जगहों से 5 मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। पीड़ितों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

थाना बिसरख में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह इटैहड़ा गांव स्थित अपनी मौसी के घर पर आया था। वहां से अज्ञात चोरों ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि विकास पुत्र खजान सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह इटैहड़ा गांव में रहने वाली अपनी मौसी के घर पर उनसे मिलने के लिए आया था। पीड़ित के अनुसार उसने अपनी मोटरसाइकिल वहां पर खड़ी कर दी।



थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के अनुसार अज्ञात चोरों ने उसकी मोटरसाइकिल वहां से चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में एक मॉल में नौकरी करने वाले व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर ली है। इस संबंध में गौरव सिरोही पुत्र वीरेंद्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एक माल में नौकरी करते हैं। पीड़ित के अनुसार वह मॉल में नौकरी करने के लिए आए। मोटरसाइकिल मॉल के बाहर खड़ी कर दी, जब वह घर जाने के लिए निकले तो उन्होंने देखा कि अज्ञात बदमाशों ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि दोनों पीड़ितों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना फेस-तीन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि ऋषभ सिंह पुत्र भानु प्रताप सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह परथला गांव में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर सेक्टर-71 स्थित सनी बाजार में खरीदारी करने गए थे। वह अपनी बाइक खड़ी करके बाजार में खरीदारी करने चले गए। इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने मोटरसाइकिल वहां से चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना कासना क्षेत्र से अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल उस समय चोरी कर ली जब वह सब्जी खरीदने के लिए बाजार में गया था। थाना कासना के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि अखिलेश कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मूल रूप से जनपद मैनपुरी के रहने वाले हैं, तथा मौजूदा समय में वह ईकोटेक-5 में किराए के मकान मे रहते हैं। पीड़ित के अनुसार 14 अक्टूबर को वह कासना सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने गए थे।

उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल सब्जी मंडी में खड़ी कर दी, तथा सब्जी खरीदने चले गए। इसी बीच अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली है। थाना सेक्टर-58 में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी मोटरसाइकिल अज्ञात बदमाशों ने सेक्टर-57 स्थित उसके ऑफिस के बाहर से चोरी कर लिया है।




### फूल वालों का रिवाज मंडल अध्यक्ष ना देखें निगम पार्षद बनने का ख्वाब

अभी 2027 दूर है और पार्टी भले ही विधानसभा रण की तैयारी कर रही है मगर उन्हें क्या पता कि हर मौहल्ले में चार और हर गली में तीन दावेदार पार्षद बनने को तैयार बैठे हैं। कहीं तो मंडल अध्यक्षों ने अपना टिकट कन्फर्म मान लिया है। कोई विधायक के झोले डंडे उठा रहा है तो किसी ने संगठन वालों का दरवाजा पकड़ लिया है। बात फूल वाले ने ही बताई और कहा कि इन मंडल अध्यक्षों को फूल वालों का रिवाज पता नहीं है। जब निगम चुनाव आयेगा तो सारी गारंटी फेल हो जायेगी और ना यकीन हो तो गिन लो मंडल अध्यक्ष। शहर वाले गुप्ता जी टिकट कन्फर्म मानकर चल रहे थे और गारंटी भी बड़े दरवाजे से थी। मगर गारंटी भी फेल हुई और पद भी चला गया। गांधी नगर वाले भी दावेदारी में थे उन्हें कौन सा टिकट मिल गया। राजनगर वाले शर्मा जी तो खुद को निगम पार्षद मान बैठे थे मगर सपनों पर ऐसा प्रहार हुआ। शर्मा जी ने बगावत कर दी। चुनाव भी लड़े, लेकिन हिस्से में हार आई और पार्टी से बाहर हो गये। बड़ी मुश्किल से अब जाकर थोड़ी सेटिंग बैठी है। नदिया पार में भी त्यागी जी से लेकर कई ऐसे हैं जिन्हें टिकट नहीं मिला। हां एक पूर्व पार्षद को मंडल वाली प्रधानी जरूर मिली। पुराने भाजपाई ने सलीके से ये बात कही और बता दिया कि मंडल वाले अभी से निगम पार्षद बनने का ख्वाब ना देखें और वैसे भी जो विधायक जी के साथ चल रहे हैं। उन्हें खबर नहीं है कि 2027 में विधायक जी अपनी सिफारिश करेंगे या तेरी पार्षदी की फ्रिक करेंगे।

### कुछ नहीं बचा शेष, गोबर पर छापा और गोबर के लक्ष्मी-गणेश

क्रान्ति तो सीवर और नाली वालों के यहां ही आ रही है। कभी हलवाई को पकड़ लेते हैं कि तेरी वजह से नाले का पानी चिकना हो गया। कभी महिला को लताड़ लगती है कि नाला तेरे कूड़े की वजह से भर रहा है। अब जो कहानी निगम में चल रही है उसकी रवानी कर्मचारियों से लेकर पार्षदों की जुबान पर है। निगम वाला दिवाली गिफ्ट जब पार्षदों के यहां पहुंचा तो आपस में एक दूसरे को फोन मिलाये गये। तब पता चला है कि कुछ को मिला है और कुछ नहीं मिला है। चलो जिन्हें नहीं मिला है उन्हें दिवाली तक मिल ही जायेगा। मगर स्वदेशी का ऐसा आलम है कि गोबर को लेकर छापेमारी हो रही है और सुना है कि लक्ष्मी-गणेश भी गोबर के ही बने हैं। एसोसिएशन वाले बता रहे हैं कि ऐसा वेलफेयर हमने पहली बार देखा है। जब छापेमारी से लेकर भगवान की पूजा तक गोबर ही गोबर है।

### हाथ वालों की जा रही है लैंड और उनके यहां पर बज रहा है भंडारे वाला बैंड

हाथ वाले कभी भी विपक्ष वाले अंदाज में एक साथ नजर नहीं आते हैं। हाथ वालों की लैंड पर फूल वाले आ गये है। अब नेहरू जी भी स्वर्ग में है और तिवारी जी भी स्वर्ग में हैं। मगर मित्तल जी अध्यक्ष के रूप में आये हैं। सेंटर के लोग बता रहे हैं कि फोकस में वो जमीन है जिसे फोकट में लेने की तैयारी हो रही है। तिवारी जी कांग्रेस के और हाथ वालों की पार्टी अभी सो रही है। सुशांत गोयल खामोश बैठे हैं, डॉली शर्मा भी मुकदमें के बाद अब उतने जोश में नहीं है। अधिवक्ता रजनी कांत राजू अब दुनिया में नहीं है। हैंड वालों की बेशकीमती लैंड पर खतरा मंडरा रहा है और सितम देखिये कि हाथ वाले वहां धरना देने की बजाय शर्मा जी के यहां पूड़ी सब्जी बांट रहे हैं और पूडी सब्जी खा रहे हैं।

# गाजियाबाद की गैंगस्टर रूबी हत्याकांड में पति विकास चौधरी का मुजफ्फरनगर में सरेंडर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में 14 अक्टूबर को हुई गैंगस्टर पत्नी रूबी चौधरी की सनसनीखेज हत्या के मामले में फरार चल रहे गैंगस्टर पति विकास चौधरी ने गुरुवार को मुजफ्फरनगर कोर्ट में आत्मसमर्पण (र४११ील्लीी१) कर दिया। विकास ने यह कदम गाजियाबाद पुलिस द्वारा एनकाउंटर किए जाने के डर से उठाया है। गाजियाबाद के डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि विकास चौधरी मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र के मछरी गांव का रहने वाला है। विकास चौधरी ने पुलिस से बचने के लिए एक नया पैंतरा अपनाया। उसने अपने खिलाफ चल रहे 2011 के एक पुराने मामले में अपनी जमानत तुड़वाकर कोर्ट में सरेंडर किया, जिससे वह सीधे जेल चला जाए और गाजियाबाद पुलिस की सीधी गिरफ्त से बच जाए। डीसीपी जायसवाल ने बताया कि विकास चौधरी भी गाजियाबाद के मोदीनगर थाने का गैंगस्टर है। अब गाजियाबाद पुलिस उसे बी वारंट पर रिमांड के लिए मुजफ्फरनगर कोर्ट से लाएगी और फिर उसे गाजियाबाद लाया जाएगा।




### बेटी के सामने की थी पत्नी की हत्या

यह पूरी घटना मंगलवार सुबह गाजियाबाद की अजनारा इंटीग्रिटी सोसाइटी में हुई, जहाँ विकास और रूबी पिछले एक साल से किराए पर रह रहे थे। विकास और रूबी, दोनों मूल रूप से मोदीनगर के तिबड़ा गांव के रहने वाले थे और उनकी दो बेटियां हैं (13 और 11 साल)। छोटी बेटी ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह से ही मम्मी और पापा का झगड़ा हो रहा था। उसने बताया : ■मैं दूसरे कमरे में थी, तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी। मैं बाहर आई तो देखा कि वाशरूम में मम्मी खून से लथपथ पड़ी थीं। पापा उन्हें खींचकर कमरे में ले गए और फिर घर से चले गए। मैं चिल्लाती रही, लेकिन उन्होंने नहीं सुना। बेटी ने यह भी खुलासा किया कि चार दिन पहले करवाचौथ पर भी पासपोर्ट को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ था।

# नाले में मिला युवक का शव, पुलिस ने नशे को बताया कारण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के हापुड़ चुंगी मार्ग पर नाले में एक युवक का शव मिला। मौके पर सूचना मिलने पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए। पुलिस ने मृतक की पहचान संदीप कुमार (30 वर्ष निवासी झुमका थाना सीबीगंज बरेली के रूप में की। वह हाल ही में नशा मुक्ति केंद्र गाजियाबाद के पास रह रहा था। एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि शुरूआती जांच में शरीर पर कोई गंभीर चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टया यह मौत नाले में गिरने के कारण हुई प्रतीत होती है। वह हाल ही में नशा मुक्ति केंद्र गाजियाबाद के पास रह रहा था। एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि शुरूआती जांच में शरीर पर कोई गंभीर चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टया यह मौत नाले में गिरने के कारण हुई प्रतीत होती है।



घटना स्थल का निरीक्षण एसओ अखिलेश कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सेक्टर 23 उपनिरीक्षक प्रशांत रावत, उपनिरीक्षक शिवप्रताप सिंह और उपनिरीक्षक महेश कुमार अनुरागी ने किया। मौके पर पंचनामा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए हिंडन शव दाह गृह भेजा गया। पुलिस ने कहा कि घटनास्थल पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई समस्या नहीं हुई और फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज ने किया

# नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता अभियान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के प्रो बोनो क्लब द्वारा पोठई गाँव में नशामुक्ति विषय पर जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना और स्वस्थ, नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।



अभियान के अंतर्गत बी.ए. एलएल.बी. एवं बी.बी.ए. एलएल.बी. कार्यक्रमों के छात्रों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें एक युवक की कहानी दिखाई गई – जो नशे की लत में फँसकर अपने स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य को नष्ट कर देता है। छात्रों की इस संवेदनशील प्रस्तुति ने ग्रामीणों और निकटवर्ती सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया।

नाटक के माध्यम से छात्रों ने नशे के दुष्परिणामों, उसके मानसिक एवं शारीरिक प्रभावों, और समय पर परामर्श व पुनर्वास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पश्चात दर्शकों ने कलाकारों से संवाद किया और अपने विचार साझा किए। यह आयोजन सुश्री आकांक्षा सिंह और श्री आकाश सैनी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त, यही नाटक विश्वविद्यालय परिसर में भी प्रस्तुत किया गया, जिससे विद्यार्थियों में नशामुक्त समाज की दिशा में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

प्रो बोनो क्लब निरंतर ऐसे सामाजिक अभियानों के माध्यम से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने और समुदाय में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत है। इस नुक्कड़ नाटक की सफलता ने यह संदेश दिया कि रचनात्मक प्रयासों से समाज में गहरा और स्थायी प्रभाव डाला जा सकता है।




# हर जोन में चीता खोज रही है बारूद

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ग्रीन पटाखे की अनुमति पुलिस के उन कर्मियों के लिए सौगात लेकर आई है, जो इन दिनों चीता पर सवार हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शुक्रवार को सिटी और सबसे टेंशन वाले थानाक्षेत्र का ऐसा नजारा देखने को मिला है, जो बता रहा है कि मामला ठीक नहीं चल रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि चीता इन दिनों बारुद खोज रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों चीता बदमाशों को कम खोज रहे हैं। तो जाम पर भी उनका ध्यान कम हैं। चीता पूरी शिद्दत से बारूद खोजने में लगी हुई बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि सिटी से लेकर नदिया पार के प्रत्येक थानाक्षेत्र में ग्रीन पटाखे के नाम पर धमाके वाले बारूद को जमकर बेचा जा रहा है। उधर सुनने में आया है कि दिल्ली से सटे वाले इलाके जो पटाखे के लिए एनसीआर में जाना जाता है। वहां भोर से ही पटाखों का शोर सुनने में आ रहा है। वहां गाड़ियों की लाइन लग रही है। तो माल बुलेट पर ज्यादा सप्लाई हो रहा है। सुनने में आ रहा है की मिट्टी वाले अनार की डिमांड इस कदर है कि कई आईपीएस अधिकारी अबतक पहले भी डिमांड के लिए फोन घूम चुके हैं। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि वैसे तो टारगेट केवल तीन दिन का है लेकिन इसे आगे भी कुछ लोग बढ़ाने की प्लानिंग बना रहे हैं। तो वहीं सुनने में आ रहा है की दीपावली के बाद आने वाले छठ पूजा महोत्सव में भी पटाखे की शॉपिंग इन्हीं ग्रीन पटाखे वाली दुकान से होने वाली है। कुल मिलाकर बेचने वालों को कई साल बाद मौका मिला है, तो खरीददारों को भी खुल के लेने की छूट मिली है। वैसे मामला इस बार खुल्लम खुल्ला है, इसीलिए फायदा खाकी वाले भी जमकर उठाने में लग रहे हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि कहीं बारूद की कालिख के चक्कर में चीता वाले पुलिसकर्मी लाइन वाले इलाके में ना भेज दिए जाएं। वैसे सुनने में आ रहा है कि फिलहाल अभी इलाके वाले एसीपी और प्रभारी लोग थोड़ा साइड चल रहे हैं, पर जिस तरह से लोगों को बाजार में दुकानें खुली मिल रही हैं। तो ग्रीन के नाम पर माल हर मिल रहा है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अबतक करोड़ों के पटाखे पकड़े जाने की जानकारी मिली है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बारूद के काले खेल में किस- किस को नुकसान होगा यह समय बताएगा।



# आईएमएस गाज़ियाबाद में मनाया गया 36वां स्थापना दिवस, मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**गाज़ियाबाद(करंट क्राइम)।** आईएमएस गाज़ियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में संस्थान का 36वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईएमएस गाज़ियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया एवं निदेशक प्रो. (डॉ.) जसकिरण कौर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अलंकरण समारोह में संस्थान के 22 क्लबों के नए पदाधिकारियों को पद प्रदान किए गए। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी टॉपर्स एवं कैंपस टॉपर्स छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस वर्ष संस्थान के विभिन्न कोर्सों से कुल 15 छात्र-छात्राओं ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिनमें से 6 को स्वर्ण पदक, 4 को रजत पदक एवं 5 को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त 60 कैंपस टॉपर्स को भी संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया – जिनमें 20 स्वर्ण, 20 रजत और 20 कांस्य पदक विजेता शामिल रहे। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक के साथ नगद पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के दौरान दीपावली पूजा का आयोजन भी किया गया, जिससे परिसर में उत्सव और उल्लास का माहौल बन गया। अपने संबोधन में सीए (डॉ.) राकेश छारिया ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए कहा, जीवन में सफलता के लिए अपने कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और सदैव उत्साही बने रहें। असफलताओं से डरने के बजाय उनसे सीखकर आगे बढ़ना ही सफलता का मार्ग है। निदेशक प्रो. (डॉ.) जसकिरण कौर ने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकगण और स्टाफ से संस्थान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में सतत उत्कृष्ट योगदान की अपील की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संध्या शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकगण एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए समारोह का समापन किया।

# पांचवें दिन भी आयकर टीम ने मीट कारोबारी के घर दस्तावेज खंगाले

**हापुड़।** पिछले पांच दिनों से ईदगाह रोड पर स्थित मीट कारोबारी के घर पर चल रही आयकर विभाग की छापामार कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रही। इस दौरान टीम ने मीट कारोबारी के करीब सामिया गार्डन निवासी के घर पर भी दस्तावेजों को खंगालने का काम किया। आयकर विभाग की टीम के पांच दिनों तक शहर में मौजूद रहने से व्यापारियों में अफरातफरी मची रही। बता दें कि बीते सोमवार को आयकर विभाग की दिल्ली से आई एक विशेष टीम ने ईदगाह रोड स्थित मीट कारोबारी हाजी यासीन सहित कुल पांच स्थानों पर छापामार कार्रवाई की थी। बृहस्पतिवार को टीम तीन स्थानों से दस्तावेजों को लेकर चली गई थी।

लेकिन ईदगाह रोड और सामिया गार्डन में मीट कारोबारी के करीबी के घर पर आयकर विभाग की टीम शुक्रवार को भी दस्तावेजों को खंगालने का काम करती रही। लगातार पांच दिनों तक चल रही आयकर विभाग की छापामार कार्रवाई के बाद इस रेड को जिले की सबसे लंबी छापामार कार्रवाई बताया जा रहा है। आयकर विभाग के हाथ अहम दस्तावेज लगने की बात भी सामने आ रही है। लेकिन, आयकर विभाग के अधिकारियों ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।




## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद विनोद कसाना उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में पहुंचे। उन्होंने कुशीनगर के डीएम महेंद्र सिंह तंवर के कैंप कार्यालय पहुंचकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। आईएएस अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त रहे हैं। उनकी पहचान एक कर्मठ तथा लोकप्रिय अधिकारी के रूप में स्थापित है। यह एक अपनापन है जो दूर जाने से कम नहीं होता है। विनोद कसाना की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें देने को तैयार नहीं ट्रंप

## - जेलेंस्की से मुलाकात से पहले दिए संकेत



**वाशिंगटन।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप की शुक्रवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात होने वाली है। लेकिन उससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिए हैं कि वह कीव को लंबी दूरी की टॉमहॉक मिसाइलें भेजने के लिए तैयार नहीं हैं, जिनकी यूक्रेन को जंग में काफी जरूरत है।

जेलेंस्की की यह मुलाकात ऐसे समय हो रही है, जब ट्रंप ने एक दिन पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर युद्ध को लेकर लंबी बातचीत की है। हाल के दिनों में ट्रंप यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें बेचने पर सहमति जताते दिखे थे। जबकि पुतिन ने चेतावनी दी थी कि इस कदम से अमेरिका और रूस के संबंध और खराब होंगे।

लेकिन पुतिन से फोन पर बातचीत के बाद ट्रंप ने यूक्रेन को मिसाइलें मिलने की संभावना को कम कर दिया। उन्होंने कहा, हमें अमेरिका के लिए भी टॉमहॉक मिसाइलों की जरूरत है। हमारे पास बहुत सारी हैं, लेकिन हम उन्हें पूरी तरह खत्म नहीं करना चाहते।

जेलेंस्की उन हथियारों की मांग कर रहे थे, जिनसे यूक्रेनी सेना रूसी इलाके में भीतर तक हमले कर सके और प्रमुख सैन्य ठिकानों, ऊर्जा केंद्रों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बना सके। उनका मानना है कि इस तरह के हमलों से पुतिन युद्ध समाप्ति के लिए सीधे वार्ता करने पर मजबूर होंगे।

पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा, पुतिन ने फोन पर चेतावनी दी है कि टॉमहॉक मिसाइलें देने से क्षेत्र की स्थिति नहीं बदलेगी, लेकिन हमारे देशों के बीच संबंधों को गंभीर नुकसान होगा। ट्रंप और जेलेंस्की की यह जनवरी के बाद चौथी आमने-सामने की बैठक होगी और एक महीने से भी कम समय में दूसरी बार होगी।

ट्रंप ने पुतिन से फोन पर बातचीत के बाद कहा कि वह जल्द ही हंगरी के बुडापेस्ट में रूसी नेता से मुलाकात करेंगे, ताकि जंग को खत्म करने पर चर्चा हो सके। दोनों ने अपने वरिष्ठ सहयोगियों से भी अगले सप्ताह किसी अनिश्चित स्थान पर मिलने पर सहमति जताई।

इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई का समझौता कराने के बाद ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन युद्ध के लिए अंतिम समाधान निकालना अब उनकी विदेश नीति की शीर्ष प्राथमिकता है और इसके सफल होने की उम्मीद है। फोन पर बातचीत से पहले ट्रंप ने पुतिन के साथ अपनी नाराजगी बढ़ने के संकेत दिए थे।

# मेडागास्कर में तख्तापलट के बाद सेना के कर्नल ने संभाला राष्ट्रपति पद, संयुक्त राष्ट्र ने की निंदा

**अफ्रीका।** अफ्रीका के पूर्वी तट के पास बसे द्वीपीय देश मेडागास्कर में सैन्य तख्तापलट के बाद सेना के एक कर्नल ने सत्ता संभाल ली है। कर्नल माइकल रैंड्रियनिरीना ने शुक्रवार को राष्ट्रपति पद की शपथ ली। संयुक्त राष्ट्र ने इस सैन्य कब्जे की कड़ी निंदा की है। कर्नल रैंड्रियनिरीना ने सिर्फ तीन दिन पहले घोषणा की थी कि सेना देश की बागडोर संभालेगी। गुरुवार को उन्हें औपचारिक रूप से संवैधानिक न्यायालय में राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सैन्य अधिकारियों, सरकारी प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों ने भाग लिया।



**संयुक्त राष्ट्र ने इस सैन्य कब्जे की कड़ी निंदा की है। कर्नल रैंड्रियनिरीना ने सिर्फ तीन दिन पहले घोषणा की थी कि सेना देश की बागडोर संभालेगी।**

### कैसे हुआ सत्ता परिवर्तन?

पिछले तीन हफ्तों से युवाओं के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन चल रहे थे। प्रदर्शनकारियों की मुख्य शिकायतें थीं, पानी और बिजली की कमी, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार। इसी माहौल में कर्नल रैंड्रियनिरीना ने राष्ट्रपति एंड्री राजोएलीना के खिलाफ बगावत कर दी और उनके समर्थक सैनिकों को पीछे धकेलते हुए सत्ता पर कब्जा कर लिया। इस दौरान राष्ट्रपति राजोएलीना देश छोड़कर भाग गए। रिपोर्टों के अनुसार, वे एक फ्रांसीसी सैन्य विमान से निकले। संसद ने उनके खिलाफ महाभियोग चलाकर पद से हटा दिया। इसके बाद संवैधानिक न्यायालय ने सेना के कर्नल को राष्ट्रपति बनने का न्योता दिया।

### नई व्यवस्था- दो साल तक सेना की हुकूमत

कर्नल रैंड्रियनिरीना ने कहा है कि देश को अब एक सैन्य परिषद चलाएगी और 18 महीने से दो साल बाद चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने दावा किया, 'अब हम देश को फिर से गौरव दिलाएंगे, असुरक्षा से लड़ेंगे और जनता की समस्याएं हल करेंगे।'

### तख्तापलट की यूएन ने की आलोचना

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि यह सत्ता परिवर्तन असंवैधानिक है और 'संवैधानिक व्यवस्था बहाल की जानी चाहिए।' अफ्रीकी संघ ने भी इस कदम को पूरी तरह खारिज कर दिया है और मेडागास्कर की सदस्यता निलंबित कर दी है।

# भारत और मध्य एशियाई देशों ने अफगानिस्तान की स्थिति पर की चर्चा, तनाव के बीच शांति पर जोर



**नई दिल्ली।** भारत और मध्य एशियाई देशों ने गुरुवार को अफगानिस्तान की मौजूदा स्थिति पर गंभीर चर्चा की और आपसी सहमति से यह निर्णय लिया कि वे क्षेत्र की शांति, स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अफगानिस्तान के साथ मिलकर काम करेंगे। यह बैठक किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित भारत-मध्य एशिया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और सुरक्षा परिषद सचिवों की तीसरी बैठक थी।

बैठक में भारत की ओर से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने किया। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि बैठक में मुख्य रूप से आतंकवाद, उग्रवाद, मादक पदार्थों की तस्करी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

### अफगानिस्तान में तनाव पर चिंता, शांति प्रयासों पर सहमति

हाल के दिनों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़े सैन्य संघर्ष को देखते हुए बैठक में अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर गहरी चिंता जताई गई। दोनों देशों के बीच यह तनाव तब बढ़ा जब पाकिस्तान ने काबुल पर हवाई हमला किया, जिसके जवाब में अफगानिस्तान ने कड़ी कार्रवाई की। संघर्ष के बाद बुधवार को दोनों देशों ने अस्थायी युद्धविराम पर सहमति जताई। भारत और मध्य एशियाई देशों ने कहा कि अफगानिस्तान की स्थिरता पूरे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, और इसके लिए सभी देशों को मिलकर सहयोग बढ़ाना चाहिए।

डोभाल की द्विपक्षीय मुलाकातें और रणनीतिक बातचीत

अजीत डोभाल ने बिश्केक में किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर झापारोव से मुलाकात की और कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान के सुरक्षा परिषद सचिवों से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ताएं कीं। इन बैठकों में क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ रणनीति और आर्थिक साझेदारी को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

इसी बीच चीन ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच युद्धविराम का स्वागत करते हुए दोनों देशों से स्थायी और व्यापक शांति समझौते की अपील की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा बीजिंग दोनों पक्षों से संयम बरतने और संवाद के माध्यम से मतभेद दूर करने का आग्रह करता है। चीन क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में रचनात्मक भूमिका निभाएगा।

### चीन की कूटनीतिक भूमिका

चीन लंबे समय से पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों के साथ करीबी संबंध रखता है। बीजिंग ने दोनों देशों के बीच संवाद बनाए रखने के लिए एक त्रिपक्षीय वार्ता तंत्र भी स्थापित किया है। इन बैठकों का उद्देश्य इस्लामाबाद और काबुल के बीच बढ़ते अविश्वास को कम करना है, विशेषकर पाकिस्तान के इस आरोप के बाद कि अफगानिस्तान, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूच लिबरेशन आर्मी जैसे आतंकी संगठनों को शरण दे रहा है।

# राष्ट्रपति के खिलाफ भड़का जेन-जेड आंदोलन, एक की मौत और 100 घायल

**पेरू।** पेरू के नए राष्ट्रपति जोस जेरी ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है, जबकि देश में उनके खिलाफ चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई और करीब 100 लोग घायल हो गए हैं। यह प्रदर्शन मुख्य रूप से जेन-जेड युवाओं के नेतृत्व में हुआ, जिन्होंने राष्ट्रपति से पद छोड़ने की मांग की थी।

अधिकारियों के अनुसार, घायलों में 80 पुलिसकर्मी और 10 पत्रकार शामिल हैं। जांच एजेंसियां उस गोलीबारी की जांच कर रही हैं, जिसमें एक प्रदर्शनकारी की मौत हुई। राष्ट्रपति जेरी ने संसद का दौरा करने के बाद स्थानीय मीडिया से कहा मेरा दायित्व देश की स्थिरता बनाए रखना है। यही मेरी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता है।




### कैसे शुरू हुआ आंदोलन

लगभग एक महीने पहले शुरू हुआ यह विरोध बेहतर पेंशन और युवाओं के लिए नौकरी के अवसरों की मांग से शुरू हुआ था। धीरे-धीरे यह भ्रष्टाचार, अपराध और सरकार की विफलताओं के खिलाफ एक बड़े जनांदोलन में बदल गया। जेरी, जो पिछले 10 वर्षों में पेरू के सातवें राष्ट्रपति हैं, ने 10 अक्टूबर को शपथ ली थी। उनके पद संभालने के तुरंत बाद प्रदर्शन और तेज हो गए और युवाओं ने उनके साथ-साथ सांसदों से भी इस्तीफे की मांग शुरू कर दी।

राष्ट्रीय लोकपाल कार्यालय के अनुसार, हिंसक झड़पों में 24 प्रदर्शनकारी और 80 पुलिसकर्मी घायल हुए। पत्रकारों पर भी हमला हुआ, जिनमें से छह को पैलेट्स से चोट लगी और चार अन्य पर पुलिस ने हमला किया।

### विवादों में घिरे राष्ट्रपति जेरी

जोस जेरी ने हाल ही में अपदस्थ राष्ट्रपति डिना बोलुआर्ते की जगह ली थी, जो विरोध प्रदर्शनों को कुचलने और अपराध पर नियंत्रण में विफल रहने के कारण बेहद अलोकप्रिय थीं। 38 वर्षीय जेरी पहले संसद के अध्यक्ष थे। उनके प्रधानमंत्री एर्नेस्टो अल्वारेज एक अति-दक्षिणपंथी पूर्व न्यायाधीश हैं, जिन्होंने पहले जेन-जेड आंदोलन को अराजकता फैलाने वाला गिरोह बताया था।

जेरी पर पहले भी विवाद रहे हैं, उन पर एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया था, हालांकि मामला अगस्त में खारिज कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने इस मुद्दे को भी उठाया और सड़कों पर द रेपिस्ट इज जेरी जैसे नारे लगाए।

### प्रदर्शन में हिंसा और मौत

प्रदर्शन के दौरान 32 वर्षीय हिप-हॉप गायक एडुआर्डो रुइज की गोली लगने से मौत हो गई। अभियोजकों ने बताया कि उन्हें सिर में गोली मारी गई थी। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में रुइज को लीमा की सड़कों पर गिरते हुए देखा गया। गवाहों का कहना है कि गोली चलाने वाला व्यक्ति प्रदर्शनकारियों से बचने की कोशिश कर रहा था, क्योंकि उसे सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी होने का संदेह था।

### जनता का गुस्सा क्यों फूटा

विशेषज्ञों का कहना है कि पेरू में लोगों का आक्रोश लंबे समय से बढ़ रहा है। लगातार बदलती सरकारें, भ्रष्टाचार के मामले और अपराध ने जनता के धैर्य को खत्म कर दिया है। समाजशास्त्री ओमार कोरोनेल का कहना है कि युवाओं में असुरक्षा और भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा पिछले दशकों की विफलताओं का नतीजा है। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां उठाकर कहा प्रदर्शन करना अधिकार है, मारना अपराध। एक महिला ने पोस्टर पर लिखा हत्यारी से बलात्कारी तक, बस चेहरा बदला है।

# कैंसर का खतरा: जॉनसन एंड जॉनसन पर वड में 3000 लोगों ने ठोका मुकदमा; वर्षों तक दूषित बेबी पाउडर बेचने का आरोप

**ब्रिटेन।** दवा और उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन (जेएंडजे) पर ब्रिटेन में करीब 3,000 लोगों ने मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें आरोप है कि कंपनी ने जानबूझकर एस्बेस्टस से दूषित बेबी पाउडर वर्षों तक बेचा और उसके खतरों को ग्राहकों से छिपाया। वैज्ञानिक तौर पर यह सिद्ध हो चुका है कि एस्बेस्टस कैंसर का एक प्रमुख कारण है।



ब्रिटेन की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वादी पक्ष ने अदालत में कुछ आंतरिक दस्तावेज और वैज्ञानिक रिपोर्टों को सबूत के तौर पर पेश किया। इनसे यह साबित होता है कि जेएंडजे को 1960 के दशक से ही यह पता था कि उसके टैल्कम पाउडर में ट्रेमोलाइट और एक्टिनोलाइट जैसे रेशेदार खनिज मौजूद हैं। इन्हें एस्बेस्टस का ही एक रूप माना जाता है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, कंपनी ने जानकारी के बावजूद उत्पाद पैकेजिंग पर कोई चेतावनी नहीं दी। इसके बदले उसने बेबी पाउडर को शुद्धता और सुरक्षा का प्रतीक बताकर मार्केटिंग अभियानों के जरिये इसे बढ़ावा दिया।

### ब्रिटेन में 2023 में बंद हुई बिक्री

ब्रिटेन में जेएंडजे के टैल्कम पाउडर की बिक्री 2023 में ही बंद कर दी गई थी। ब्रिटेन में जिन 3,000 लोगों ने मुकदमा किया है उनका मुख्य फोकस उन वर्षों पर है, जब यह उत्पाद बाजार में उपलब्ध था और व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता था। वादी पक्ष के वकीलों ने कहा, यदि इस मामले में आरोप सिद्ध होते हैं, तो कंपनी को करोड़ों पाउंड का हजार्ना देना पड़ सकता है। यह मुकदमा उपभोक्ता सुरक्षा और कॉरपोरेट जवाबदेही को लेकर ब्रिटेन में एक मिसाल बन सकता है।

वादी पक्ष के अनुसार, यह जानते हुए कि एस्बेस्टस कैंसर कारक है, कंपनी ने ग्राहकों को इसकी जानकारी देने के बजाय जानबूझकर इस तथ्य की उपेक्षा की। इस कारण लाखों लोगों की जान खतरे में आ गई। हालांकि, जॉनसन एंड जॉनसन ने आरोपों को यह कहते हुए खारिज किया है कि उसका बेबी पाउडर सभी सरकारी-स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप है। कंपनी ने दावा किया कि उसका टैल्कम पाउडर कैंसर का कारण नहीं बनता। यह पूरी तरह सुरक्षित है।

### अमेरिका में मिले अरबों डॉलर के मुआवजे

ब्रिटेन में दर्ज मुकदमे से पहले, अमेरिका में भी जॉनसन एंड जॉनसन के खिलाफ सैकड़ों मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। इन मामलों में हजारों पीड़ितों को अब तक अरबों डॉलर का मुआवजा दिया जा चुका है। हालांकि, कुछ मामलों में कंपनी ने अपील दायर कर फैसलों को पलटवाने में सफलता भी पाई है।

# नेपाल सरकार ने भारत के साथ पारस्परिक कानूनी सहायता संधि को दी मंजूरी; सोनल मधेश के नए सीएम



**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम सरकार ने गुरुवार को भारत के साथ 'आपसी कानूनी सहायता संधि' को मंजूरी दे दी। इस संधि का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपराधिक मामलों में सहयोग को मजबूत बनाना है। यह फैसला प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री जगदीश खरेल ने बताया कि इस संधि के जरिए नेपाल न केवल भारत के साथ बल्कि अन्य देशों के साथ भी कानूनी मामलों में सहयोग बढ़ा सकेगा। प्रस्तावों को राजनयिक चैनलों के जरिए आगे भेजा जाएगा। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, यह संधि ड्रग्स तस्करी, मानव तस्करी, नकली मुद्रा और अन्य सीमा पार अपराधों पर रोक लगाने में मदद करेगी। इसके अलावा अपराधियों के लिए भारत या नेपाल को सेफ जोन की तरह इस्तेमाल करना भी मुश्किल हो जाएगा।

### 11 नेपाली राजदूतों को वापस बुलाया गया

नेपाल सरकार ने इस बैठक में एक और अहम निर्णय लिया; 11 देशों में तैनात अपने राजदूतों को वापस बुलाने का। इन देशों में चीन, जर्मनी, इस्राइल, मलेशिया, कतर, रूस, सऊदी अरब, स्पेन, ब्रिटेन, अमेरिका और जापान शामिल हैं। राजदूतों को 6 नवंबर तक नेपाल लौटने के निर्देश दिए गए हैं। इस कदम को नेपाल की विदेश नीति में बड़े फेरबदल के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

मधेश प्रांत में नई सरकार

नेपाल के मधेश प्रांत में जितेंद्र प्रसाद सोनल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वे लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (एलएसपी) के नेता हैं। सोनल को 107 में से 56 प्रांतीय विधानसभा सदस्यों का समर्थन मिला। जनकपुरधाम में आयोजित समारोह में प्रांत की प्रमुख सुमित्रा सुभेदी भंडारी ने उन्हें शपथ दिलाई। सोनल की सरकार को जनता समाजवादी पार्टी नेपाल, जनमत पार्टी, सीपीएन (माओवादी सेंटर) और सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) का समर्थन हासिल हुआ है। संविधान के अनुच्छेद 168 (2) के तहत सरकार का गठन किया गया। दो अन्य नेताओं, जनमत पार्टी के महेश प्रसाद यादव और सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) के कनीश पटेल, ने भी मंत्री पद की शपथ ली। फिलहाल उन्हें कोई विभाग नहीं दिया गया है।

# फ्रांस में सियासी संकट: बाल-बाल बची मैक्रों की सरकार सदन में पीएम लेकोर्नु के खिलाफ दो अविश्वास प्रस्ताव गिरे

**फ्रांस।** फ्रांस का ताजा सियासी संकट फिलहाल टल गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री सेबस्टियन लेकोर्नु गुरुवार को लगातार अविश्वास प्रस्तावों से बच गए। इससे सरकार गिरने का खतरा टल गया और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को कुछ समय के लिए राहत मिल गई। हालांकि, अब भी देश का बजट पारित कराना असली चुनौती है।



हालात में थोड़ी स्थिरता जरूर आई है। लेकिन संकट पूरी तरह टला नहीं है। यूरोप की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अब भी एक अल्पमत वाली सरकार चला रही है। ससंद में कोई एक पार्टी या गठबंधन बहुमत में नहीं है। अब हर बड़ा कानून आखिरी समय पर होने वाली सौदेबाजी पर निर्भर हो गया है और अगली बड़ी परीक्षा सालाना बजट पारित कराना है, जिसे साल खत्म होने से पहले पास करना जरूरी है।

गुरुवार को 577 सीटों वाली नेशनल असेंबली में सांसदों ने वामपंथी पार्टी 'फ्रांस अनबोउड' की ओर से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया। प्रस्ताव के पक्ष में 271 वोट पड़े, जो सरकार गिराने के लिए जरूरी 289 वोटों से 18 कम थे। दूसरा अविश्वास प्रस्ताव दक्षिणपंथी पार्टी 'नेशनल रैली' की ओर से लाया गया, जो विफल हो गया। अगर लेकोर्नू यह वोट हार जाते, तो राष्ट्रपति मैक्रों के सामने नए संसदीय चुनाव कराने, एक और नया प्रधानमंत्री खोजने (जो एक साल में फ्रांस का पांचवां प्रधानमंत्री होता) या खुद इस्तीफा देने जैसे कुछ ही कठिन और अप्रिय विकल्प बचते, जिससे वह पहले ही इनकार कर चुके हैं।

### फ्रांस इस स्थिति तक कैसे पहुंचा?

जून 2024 में राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा नेशनल असेंबली को भंग करने का फैसला उनके लिए उल्टा साबित हुआ। इसके बाद जो संसदीय चुनाव हुए, उसमें निचले सदन में मैक्रों के विरोधी नेता तो बड़ी संख्या में चुनकर आ गए, लेकिन किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। तबसे मैक्रों की अल्पमत सरकार एक-एक विधेयक के लिए समर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है और लगातार गिर जा रही है।

यह स्थिति फ्रांस की 'पांचवीं गणराज्य' की राजनीतिक व्यवस्था से मेल नहीं खाती है, जिसकी नींव 1958 में शार्ल द गॉल के नेतृत्व में रखी गई थी। यह व्यवस्था एक मजबूत राष्ट्रपति और स्थिर संसद के बहुमत के लिए बनाई गई थी, न कि गठबंधन की सौदेबाजी या बिखरी हुई संसद के लिए।

अब जब कोई भी एक दल या गठबंधन 289 सीटों के पूर्ण बहुमत के करीब भी नहीं है, तो यह पूरी राजनीतिक व्यवस्था अपनी मूल संरचना के खिलाफ जाकर काम कर रही है। हर बड़ा वोट एक तनावपूर्ण मुकाबला बना रहा है और फ्रांस की शासन व्यवस्था को लेकर बुनियादी सवाल उठ रहे हैं। फ्रांसीसी मतदाताओं और पर्यवेक्षकों के लिए यह स्थिति चौंकाने वाली है। जो देश कभी यूरोप की स्थिरता का मॉडल माना जाता था, वह अब एक संकट से दूसरे संकट में फंसते चला जा रहा है।

### पेंशन कानून बना अहम मुद्दा

विपक्षी दलों के कुछ सांसदों का समर्थन पाने के लिए प्रधानमंत्री लेकोर्नू ने राष्ट्रपति मैक्रों के 2023 के प्रमुख पेंशन कानून को धीरे-धीरे लागू करने का प्रस्ताव रखा। इस कानून के तहत सेवानिवृत्ति की उम्र 62 से बढ़ाकर 64 की जानी है। इस देरी से कानून के पूरी तरह लागू होने की समयसीमा लगभग दो साल आगे खिसक सकती है। इससे उन लोगों पर तुरंत असर नहीं पड़ेगा, जो अभी सेवानिवृत्ति के करीब हैं। सरकार का कहना है कि इस देरी से अगले साल करीब 400 मिलियन यूरो (430 मिलियन डॉलर) का अतिरिक्त खर्च आएगा और 2027 तक यह लागत बढ़कर 1.8 बिलियन यूरो (1.9 बिलियन डॉलर) हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा है कि इन खर्चों की भरपाई के लिए अलग से प्रबंध किया जाएगा। फ्रांस में कई लोगों के लिए पेंशन का मुद्दा बहुत संवेदनशील है। 2023 के इस पेंशन कानून ने बड़े विरोध प्रदर्शनों और हड़तालों को जन्म दिया, जिससे पेरिस की सड़कों पर कचरे के ढेर लग गए। इसके बाद सरकार ने अनुच्छेद 49.3 का सहारा लिया, जो प्रधानमंत्री को बिना संसद के वोट के कानून पारित कराने का विशेष सांविधानिक अधिकार देता है। लेकिन इस कदम के खिलाफ विरोध और तेज हो गया।

गुरुवार को अविश्वास प्रस्तावों के विफल होने के साथ ही मैक्रों की सरकार को थोड़ा वक्त मिल गया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पूर्व एनएसए जॉन बोल्टन पर 18 आरोप, गुप्त दस्तावेज लीक मामले में जल्द होगी सुनवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन पर गुप्त दस्तावेजो को अवैध रूप से संग्रहित और साझा करने का आरोप लगाया गया। उन पर कुल 18 मामलों में चार्ज दायर किए गए हैं। बोल्टन पर लगे आरोप अगस्त में सामने आए थे, जब एफबीआई ने मैरीलैंड में उनके घर और वाशिंगटन में उनके कार्यालय की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कई दस्तावेज जब्त किए गए, जिन परगोपनीय, गुप्त या खुफिया लिखा था। इनमें हथियार नियंत्रण, राष्ट्रीय रणनीतिक योजना और संयुक्त राष्ट्र से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल थे। बोल्टन ने ट्रंप के पहले कार्यकाल में 17 महीने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) की भूमिका निभाई थी, लेकिन 2019 में उन्हें हटाया गया। उनके खिलाफ आरोपों का सिलसिला तब और बढ़ गया जब उन्होंने 2020 में अपनी द रूम वेयर इट हैपन्ड प्रकाशित की, जिसमें उन्होंने ट्रंप की विदेश नीति के बारे में गंभीर आलोचना की।

# खोड़ा नगर पालिका में कर्मचारियों को बांटी मिठाई

## चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने दी दीपावली की बधाई, कर्मचारियों में खुशी







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा नगरपालिका में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में नगरपालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने सभी वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में सफाई कर्मचारियों को मिठाई साड़ी बेडशीट उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया।

पालिका को साफ-सुथरा रखने में सभी नगरपालिका सफाई कर्मचारियों व सफाई कर्मी महिलाओं की अहम भूमिका रही है ।जिसमें नगर पालिका में स्वच्छता अभियान चलाया गया और नगर वासियों को स्वच्छ वातावरण देने में सफाई कर्मियों ने जी-जान से जुट कर मेहनत की सभी इस सराहनीय कार्य के हकदार है मेरे कार्यकाल में किसी भी कर्मचारी को कोई समस्या नहीं होंगी मैं पालिका के सभी वार्ड सदस्यों का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे पालिका की समस्याओं से अवगत कराया और नगर में स्वच्छता, पानी, सड़क की समस्याओं से निजात दिला कर नगर वासियों को सुविधा उपलब्ध कराई ।

वार्ड सदस्यों ने बताया कि नगरपालिका में दो बार दीपावली के महा पर्व पर नगरपालिका में प उपहार भेंट किये गये इस पहल के लिए नगर चेयरमैन मोहिनी शर्मा बधाई के पात्र हैं और सभी सफाई कर्मी महिलाओं व पुरुषों ने नगर पालिका चेयरमैन का आभार प्रकट किया और कहा कि दीपावली के त्योहार पर उपहार देकर हमें जो सम्मान दिया है उससे हमें इस बात का अनुभूति होती है कि हम भी समाज में अपनी कार्य शैली में सुधार करेंगे। कभी भी कोई शिकायत का मौका नहीं दिया जायेगा। इस अवसर पर पालिका परिसर में हर्षोल्लास का माहौल देखा गया। अधिकारियों ने कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

इस मौके पर खुदा नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने पालिका की स्वच्छता और सौंदर्य बनाए रखने में नगर पालिका कर्मचारियों की भूमिका की सराहना की।

# अतुल जैन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को दी दीपावली की शुभकामनाएं



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष एवं टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ. अतुल कुमार जैन ने लखनऊ स्थित उनके निवास पर भाजपा के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। डॉ. जैन ने इस अवसर पर सभी व्यापारियों, उद्यमियों और शैक्षणिक संस्थानों की ओर से श्री चौधरी तथा उनके परिवार सहित उत्तर प्रदेश भाजपा के सभी कार्यकताओं के लिए मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली के इस पावन पर्व पर मां लक्ष्मी की कृपा सभी प्रदेशवासियों पर बनी रहे, सबके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का प्रकाश फैलाए। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में भाजपा संगठन जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए और अधिक सशक्त व प्रभावी बनेगा।

# मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने किया जागरूकता कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना वेव सिटी पुलिस ने शुक्रवार को मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत हाईटेक वर्ल्ड स्कूल, डासना में महिला सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के निर्देशन में थानाध्यक्ष सवेश कुमार पाल, उपनिरीक्षक गौरव कुमार, निधि सिंह समेत पुलिस टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1930, 1090, 181, 112 और 1076 के बारे में बताया गया ।कार्यक्रम के अंत में सेल्फ डिफेंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को एसीपी ने पुरस्कार प्रदान किए।




# लोहिया नगर चौकी से एमआर हुंडई तक सड़क बदहाल, धूल से बढ़ रहा प्रदूषण




### प्रशासन की लापरवाही पर सवाल

शहरवासी पूछ रहे हैं —
जब प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं,
तो फिर ऐसे प्रमुख मार्गों की मरम्मत में देरी क्यों हो रही है?
लोहिया नगर और मेरठ रोड दोनों ही व्यस्त क्षेत्र हैं,
जहाँ ट्रैफिक दबाव भी अधिक रहता है।
इसके बावजूद, सड़क की स्थिति पर नगर निगम या संबंधित विभाग की नजर नहीं पड़ रही।

### स्थानीय निवासियों की शिकायत

पास के एक निवासी ने बताया,
सुबह से शाम तक धूल के गुबार से कुछ दिखाई नहीं देता।
बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत होती है, पर कोई सुनवाई नहीं होती।

**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** लोहिया नगर चौकी से लेकर एमआर हुंडइ हुंडई (मेरठ रोड) तक का सड़क मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। टूटी सड़क और उड़ती धूल ने इस क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

दिनभर इस मार्ग पर धूल का गुबार बना रहता है, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को सांस लेना तक भारी पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया। न तो सड़क की मरम्मत हुई है, न ही नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

### प्रदूषण स्तर पर असर

धूल और टूटी सड़क के कारण इस इलाके का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) भी लगातार गिरावट की ओर है।
रोजाना सैकड़ों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं,
जिससे धूल का स्तर और बढ़ जाता है।
राहगीरों का कहना है कि प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण पर तो कई योजनाएं चला रहा है,
लेकिन मूल कारण — धूल भरी सड़कों — पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।



### जनता की अपेक्षा

स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम से अनुरोध किया है कि
इस सड़क की जल्द मरम्मत कराई जाए और
धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी छिड़काव शुरू किया जाए।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग की गले से सोने की चेन लूटी, बाइक सवार बदमाश फरार



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-दो क्षेत्र से बाइक सावरा अज्ञात बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यक्ति के गले से सोने की चेन लूट लिया। पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर बदमाश धक्का देकर गिराकर मौके से भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस बाइक सवार बदमाशों का तलाश कर रही है।

थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पारस भाटी पुत्र सुरेंद्र सिंह भाटी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सीनियर सिटिजन सोसायटी में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार वह 7.30 बजे के करीब मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान सोसायटी के गेट के पास बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात बदमाशों ने उन्हें पीछे से जोरदार धक्का मारा तथा उनके गले से सोने की चेन लूट कर भाग गए।

इस घटना में पीड़ित सड़क पर गिर गया। जब तक पीड़ित उठा बदमाश वहां से तेज गति से बाइक चलाते हुए भाग गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से बदमाशों की तलाश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि शीघ्र ही बदमाशों को पकड़ लिया जायेगा।

# भारी मात्रा में अवैध बिस्फोटक आतिशबाजी पटाखों सहित तीन लोग बेंचने वाले गिरफ्तार



**लोनी।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने राजपुर के रास्ते में अवैध विस्फोटक पदार्थ पटाखे खुलेआम बेंच रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। तीनों से बरामद भारी मात्रा में मिश्रित पटाखे आतिशवाजी बरामद हुई है पुलिस ने तीनों को कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

एसीपी अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पुलिस टीम राजपुर के रास्ते पर चेकिंग अभियान चला रही थी कि रास्ते से हटकर कुछ ही दूरी पर सूनसान जगह में कुछ संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए पुलिस ने घेराबंदी की और सभी को धर दबोचा पुलिस ने वहां का नजारा देख पूंछताछ शुरू की तो तीन व्यक्ति अवैध बिस्फोटक पदार्थ की आतिशबाजी पटाखे बेंच रहे थे उनके पास प्लास्टिक के आठ कट्टों में भरे भारी मात्रा में मिश्रित पटाखे बरामद हुए। पुछतांछ में तीनों ने अपने नाम जतिन चौहान पुत्र मुकेश चौहान, अरमान पुत्र रहीसुद्दीन, लविश शर्मा पुत्र स्व, प्रशान्त शर्मा नवयुग मार्केट गाजियाबाद बताया तीनों ने यह भी बताया कि यह आतिशबाजी बाहर से सस्ते दामों में खरीदकर टीला मोड़ इलाके में अधिक लाभ कमाने के लिए बेंचते हैं लेकिन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों को कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

# किशोरियों को प्रेमजाल में फंसाकर अगवा करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने एक किशोरी बरामद की



नोएडा। नोएडा में प्रेमजाल में फंसाकर किशोरियों को भगाने वाले दो लोगों को पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। पुलिस ने किशोरी को भी बरामद कर लिया है। वहीं दो किशोरियां अपने-अपने घरों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार पत्नी के बच्चा होने पर अपनी साली को प्रेमजाल में फंसाकर भागने वाले एक जीजा को थाना सेक्टर 39 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सलारपुर कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को उसका दामाद नवरत्न प्रताप सिंह बहला-फुसलाकर 11 अक्टूबर को अगवा कर ले गया है।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने आरोपी को आज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को भी सकुशल बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी की पत्नी गर्भवती थी, उसको अभी हाल ही में बच्चा पैदा हुआ है। पत्नी के गर्भवती होने के बाद उसने साली पर डोरे डाले तथा उसे अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसको बहला-फुसलाकर घर से अगवा कर ले गया। उन्होंने बताया कि पुलिस किशोरी का डाक्टरी परीक्षण करवा रही है। एक अन्य मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने वाले आरोपी को आज थाना सेक्टर-39 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में एक किशोरी को आदित्य उर्फ राज नामक युवक पहले बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया था। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने पूर्व में किशोरी को बरामद किया था। आरोपी तभी से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# दीपावली पर स्वदेशी उत्पादों की बढ़ी मांग

## आकर्षण का केन्द्र बने गाय के गोबर के बने दिये और मूर्तियां




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दिपावली पर लोगों में स्वदेशी उत्पादों को लेकर खासा उत्साह दिखने को मिल रहा है। बाजारों में गाय के गोबर और मिट्टी से बने दिये, मूर्तियों, धूप और अगरबत्तियों की जोरदार बिक्री हो रही है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता और आत्मनिर्भर भारत अभियान के चलते लोग अब विदेशी वस्तुओं की बजाय स्वदेशी और प्राकृतिक उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं।
दीपावली पर गौबर से बने दीयों की मांग बढ़ रही है। इसकी वजह है कि इनमें पर्यावरण में मौजूद हानिकारक कीटाणु खत्म हो जाते हैं। उपयोग के बाद इन्हें तोड़कर मट्टी में मिलाना या कुछ और सामग्री को बनाना आसान होता है। वहीं, धार्मिक रूप से गौबर को पवित्र माना जाता है। लोग घर की शुद्धि के लिए गोबर का प्रयोग करते हैं और दीवाली पर गौबर से बने दीयों का जलना शुभ माना जाता है।

# दीपावली के पावन पर्व पर जगमगाया वार्ड 74:नरेश भाटी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी ने दीपावली के पावन पर्व पर अपने वार्ड 74 में के नागरिकों को सुविधा देने में तत्पर रहते हैं वार्ड के हर सेक्टर के ब्लॉक में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई वहीं जहां पर सड़क टूटी सड़क बनवाई गई।

पार्सल नरेश भाटी ने कहा कि लोगों के सहयोग और विश्वास से ही आज हमारा वार्ड स्वच्छ, रोशन और सुंदर दिखाई दे रहा है।



पार्षद नरेश भाटी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में उन्होंने आप सबके साथ मिलकर पूरे वार्ड क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए हैं। इनमें सड़क लाइटों की मरम्मत और नई लाइटों की स्थापना, सफाई व्यवस्था को मजबूत करना, पार्कों, गलियों और चौराहों का सौंदर्यीकरण करना, जल निकासी, सड़क सुधार और जनसुविधाओं से जुड़े कई कार्य शामिल हैं।

पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि ये सब आप सभी के सहयोग, सुझाव, आशीर्वाद और सहभागिता से संभव हुआ है। आपके दृढ़ विश्वास ने हमें हर दिन और बेहतर करने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि दीपावली के इस शुभ अवसर पर आप सभी से अपील की है कि अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, जरूरतमंदों के साथ खुशियां साझा करें, और एकता एवं सद्भाव की भावना को आगे बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि वसुंधरा सेक्टर 15 डुप्लेक्स में भी शुक्रवार को सड़क निर्माण किया गया है, वहीं शिखर एनक्लेव के पीछे टाइप 2 के पास मे टूटी सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया गया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ में 'फिट इंडिया मूवमेंट' कार्यक्रम का आयोजन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं 'फिट इंडिया मूवमेंट' के अवसर पर 8वीं वाहिनी, एनडीआरफ कमला नेहरू नगर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप महानिरीक्षक पी.के. तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर उप सेनानी कुनाल तिवारी, रवीन्द्र सिंह असवाल, डॉ. कुबर शर्मा, सहायक सेनानी नरेश कुमार नामदेव, अनिल कुमार एवं संजय रावत सहित वाहिनी के सभी अधिकारी, अधीनस्थ कर्मी एवं रेस्क्यूअर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत फिटनेस रन, योग, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज तथा सामूहिक व्यायाम जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन गतिविधियों का उद्देश्य बल के प्रत्येक सदस्य को शारीरिक रूप से सशक्त, मानसिक रूप से संतुलित और आत्मअनुशासित बनाए रखना था।

अपने संबोधन में पी.के. तिवारी (डीआईजी) ने कहा कि एक सशक्त और एकजुट राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब उसके नागरिक और सुरक्षाबल दोनों ही फिट, अनुशासित और स्वस्थ हों। 'फिट इंडिया मूवमेंट' केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है।



उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान की याद दिलाता है, जिन्होंने भारत को एक सूत्र में पिरोया। यह दिवस हमें फिटनेस, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम के समापन पर तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहपूर्वक सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया तथा बल में अनुशासन, समन्वय और एकता की भावना को और सशक्त बनाए रखने का आह्वान किया।